दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 109
कोटद्वार सोमवार
14 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## गुलदार के हमले में महिला घायल, लोगों में दहशत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नागदेव पौड़ी रेंज के भितांई मल्ली में गुलदार ने एक महिला को हमला कर घायल कर दिया। गुलदार के हमले के बाद गांव में गुलदार की दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग उठाई है। वन विभाग ने भितांई मल्ली गांव में गश्त बढ़ा दी है।

रविवार की सुबह भितांई मल्ली में 52 वर्षीय रामेश्वरी देवी गांव में ही दूध लेने जा रही थी। इसी दौरान गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। रामेश्वरी देवी के हो हल्ला करने पर गुलदार भाग खड़ा हुआ। गुलदार द्वारा रामेश्वरी देवी के मुंह पर नाखून मारकर उन्हें घायल कर दिया। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम जिला अस्पताल पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों ने घायल महिला का हालचाल जाना रेंजर पौड़ी ललित मोहन नेगी ने बताया कि गांव में गश्त बढ़ा दी गई है।

## लंबी दूरी तय कर बदरीनाथ–हेमकुंड पहुंच रहे हैं यात्री

**चमोली।** बदरीनाथ हाईवे बाधित होने से हेमकुंड साहिब और बदरीनाथ की यात्रा पर आने वाले यात्रियों को लम्बा रास्ता तय करना पड़ रहा है। यात्री टिहरी धनोल्टी सड़क से गुजरते हुए बदरीनाथ–हेमकुंड पहुंच रहे हैं। लम्बा रास्ता और मुख्य हाईवे बाधित होने से यात्रियों की संख्या में भी कमी देखी गई है ।

बारिश और भू–स्खलन और सड़क पर मलबा आने से चमोली जिले की 29 ग्रामीण और लिंक मार्ग अवरुद्ध हो गये हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि अवरुद्ध सड़कों को सुचारु करने का कार्य जारी है। हेलंग उर्गम सड़क पर बार–बार मलबा आने से उर्गम घाटी के दर्जनों गांवों का जन जीवन प्रभावित हो रहा है। उर्गम घाटी के रघुवीर सिंह नेगी ने बताया कि सड़क बार–बार बाधित होने से जहां क्षेत्र के लोगों का आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है ।

# तीन दिन पहाड़ों के लिए खतरनाक

## भारी बारिश और बादल फटने की आशंका, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहाड़ों पर एक बार बदले हुए मौसम की वजह से मौसम विभाग में अगले कुछ दिनों के लिए बादल फटने की चेतावनियां जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के ऊपरी हिस्से समेत नॉर्थ ईस्ट के कुछ पहाड़ी इलाकों पर साइक्लोनिक परिस्थितियों की वजह से बादल फटने और ज्यादा से ज्यादा बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



पहाड़ों पर मौसम को लेकर बिगड़े हालातों के चलते केंद्रीय गृह मंत्रालय की आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियां न सिर्फ अलर्ट पर हैं, बल्कि लगातार राज्यों से संपर्क में आ गई हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बीते कुछ सालों में यह पहला मौका है जब लगातार 'क्लाउडबर्स्ट' की घटनाएं न सिर्फ बढ़ रही हैं बल्कि राज्यों को चेतावनियां जारी की जा रही हैं।

मौसम विभाग एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा और शिमला जिले के ऊपरी हिस्से में लगातार बारिश और बादल फटने का अनुमान लगाया जा रहा है। विभाग की एडवाइजरी बताती है कि इन इलाकों में तेज से तेज बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

मौसम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि बीते कुछ सालों में यह पहला मौका है, जब हिमाचल प्रदेश के इन इलाकों में बीते कुछ महीनो के दौरान लगातार गंभीर परिस्थितियों की एडवाइजरी जारी की गई है। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा कहते हैं कि पहाड़ों में जिस तरीके के हालात बने हैं, उसको लेकर पहले से ही आगाह किया जा चुका है। खासतौर से हिमालयन रीजन में मौसम की ऐसी मार अगले तीन दिनों तक बनी रहने की संभावना है। उनका कहना है कि अगले तीन दिनों में कुछ जगहों पर बादल फटने जैसी बड़ी घटनाओं की संभावना बनी हुई है। महापात्रा कहते हैं कि इसको लेकर सभी पहाड़ी राज्यों को अलर्ट जारी कर दिया गया है। फिलहाल यह चेतावनी अगले तीन दिनों के लिए जारी हुई है। उसके बाद मानसून की सक्रियता को देखते हुए मौसम विभाग अगला अनुमान जारी करेगा। मौसम विभाग के महानिदेशक का कहना है कि जिस तरीके से मानसून के हिट करते ही अचानक सक्रियता से पहाड़ों पर तबाही मच रही है वह पहले से अनुमानित था। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि अगस्त में भी इस तरीके की घटनाएं हो सकती हैं। फिलहाल मौसम विभाग और संबंधित राज्य लगातार संपर्क में बने हुए हैं।

उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों के अलावा नार्थ ईस्ट के इलाकों में भी लगातार हो रही बारिश को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय की भी नजर बनी हुई है। असम में आई बाढ़ को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत कर राज्य के हालातों के बारे में चर्चा की। केंद्रीय गृह मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक गृहमंत्री ने राज्य के हालातों पर नजर रखने और जरूरत के मुताबिक सभी उपायों को करने के निर्देश दिए हैं।

इसी तरह केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहाड़ी राज्यों में लगातार हो रही बारिश और उससे बचाव को लेकर निगरानी करने और तुरंत मदद पहुंचाने के लिए राज्य से संपर्क करने के लिए टीम का गठन किया है। असम की तर्ज पर ही उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में भी केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीम लगातार अपडेट ले रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जिन राज्यों में एनडीआरएफ या अन्य एजेंसियों की मदद की जरूरत पड़ रही है वहां पर इनको तैनात किया जा रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का मानना है कि जिस तरीके से बीते कुछ दिनों से पहाड़ों पर बादल फटने की घटनाएं हुई हैं, वह कोई सामान्य घटना नहीं है। पर्यावरणविद् और मौसम पर करीब से नजर रखने वाली इंटरनेट सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट चेंज की चेतना वैष्णवी कहती हैं कि लगातार पहाड़ों पर बादल फटने की घटना बिल्कुल सामान्य घटना नहीं मानी जा सकती है। वह कहती हैं बीते कुछ सालों में होने वाली बारिश को अगर आप देखेंगे, तो पाएंगे कि पूरे मानसून की बारिश चंद दिनों में ही हो रही है। उनका कहना है कि बारिश का पुराना ट्रेंड धीरे–धीरे बदलता जा रहा है। उनका तर्क है कि क्लाइमेट चेंज की वजह से इस तरीके के मौसम में अचानक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। चेतना कहती हैं कि चाहे केरल में आई अचानक बाढ़ हो या केदारनाथ में आई बाढ़। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू–कश्मीर में बीते कुछ दिनों से तबाही मचा रहे बादल इस ओर इशारा कर रहे हैं कि सब कुछ सामान्य नहीं है। पर्यावरणविद डॉक्टर जेपी तनेजा कहते हैं कि बारिश में होने वाले इस परिवर्तन को चेतावनी के तौर पर ही लेना चाहिए।

## मलबा आने से बदरीनाथ और गंगोत्री हाईवे बाधित

**ऋषिकेश।** भूस्खलन के कारण ऋषिकेश–बदरीनाथ और गंगोत्री हाईवे बंद हो रखे है। पुलिस ने दोनों मार्गों पर जाने वाले वाहनों को भद्रकाली और तपोवन में रोक लिया है। भारी बारिश के चलते बदरीनाथ हाईवे पर व्यासी, सिंगठाली और तोताघाटी में लगातार मलबा गिर रहा है। जबकि गंगोत्री हाईवे आगराखाल और खाड़ी में भूस्खलन के चलते बंद है। अब टिहरी जाने वाले वाहन मसूरी–सुवाखोली–चंबा होकर और पौड़ी जाने वाले ऋषिकेश–सिलोगी–गुमखाल होकर पौड़ी जा रहे है।बीते कुछ दिनों से तेज बारिश के चलते पर्वतीय रूट की यातायात व्यवस्था गड़बड़ा गई है। भूस्खलन के चलते हररोज गंगोत्री और बदरीनाथ हाईवे बाधित हो रहे है। बीते शुक्रवार को भद्रकाली के पास चट्टान टूटने से गंगोत्री हाईवे बाधित रहा। शनिवार को हाईवे खोल दिया गया, लेकिन रविवार तड़के 4 बजे फिर आगराखाल और खाड़ी के पास भारी मलबा आने से हाईवे बाधित हो गया है।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर डाकघरों को करीब 2.5 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज भेजे गए : संस्कृति मंत्रालय



नई दिल्ली , । संस्कृति मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 'हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाकघरों में बिक्री के लिए लगभग 2.5 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज भेजे गए हैं. उन्होंने कहा कि जनभागीदारी बढने् के साथ यह अभियान ''जन आंदोलन बन गया है. केंद्रीय संस्कृति सचिव गोविंद मोहन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस अभियान को लेकर अभी देश में काफी उत्साह है, जिसे पिछले साल पहली बार शुरू होने पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी.

उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य 2023 में 'हर घर तिरंगा अभियान को उसी बड़े पैमाने और प्रतिबद्धता के साथ मनाना है जैसा हमने पिछले साल किया था. पिछले साल की गई सभी तैयारियां इस साल भी कर ली गई हैं. बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, ''वस्त्र मंत्रालय के माध्यम से, हमने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को झंडों की आपूर्ति सुनिश्चित की है. इस साल डाकघरों को लगभग 2.5 करोड़ ध्वज की आपूर्ति की गई है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा एक करोड़ था.संस्कृति मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस पहल के तहत डाक विभाग जनता को उच्च गुणवत्ता वाले राष्ट्रीय ध्वज बेचने और वितरित करने के लिए जिम्मेदार नामित इकाई के रूप में कार्य कर रहा है. एक बयान में संस्कृति सचिव के हवाले से कहा गया, ''डाक विभाग ने इस वर्ष 2.5 करोड़ ध्वज के लिए मांग की है और 55 लाख ध्वज डाक घरों के माध्यम से पहले ही भेजे जा चुके हैं. वस्त्र मंत्रालय राज्यों को पहले ही 1.3 करोड़ ध्वज भेज चुका है.

## गम–गुस्सा और बेबसी: पहाड़ी से भूस्खलन के कारण पगनों गांव के नौ परिवारों ने छोड़ा घर

**जोशीमठ** । भूस्खलन से पगनों गांव में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। गांव के पीछे पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन के कारण नौ परिवारों ने अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों में शरण ले ली है। जबकि 35 अन्य परिवारों को भी शिफ्ट करने की तैयारी है। शनिवार को जोशीमठ से एसडीएम कुमकुम जोशी ने गांव में जाकर स्थिति का जायजा लिया।

जोशीमठ तहसील मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पगनों गांव में 120 परिवार निवास करते हैं। गांव के ठीक पीछे स्थित पहाड़ी के शीर्ष भाग में एक प्राकृतिक झील थी। वर्ष 2021 में भारी बारिश के दौरान झील क्षतिग्रस्त हो गई और पानी का रिसाव होने लगा। जिससे बरसात में गांव में मलबा आना शुरू हुआ।

इस बार जुलाई माह में पहाड़ी से भारी भूस्खलन शुरू हो गया। इससे मुरलीधर, पुष्पा देवी, जय प्रसाद, कैलाश सुंदरियाल, प्रदीप सिंह, दिलवर सिंह, दुर्गा देवी, कुंदन सिंह और भोपाल लाल ने अपने घर छोड़ दिए हैं।



जोशीमठ में फिर संकट

उनके घर पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आ गए हैं। कैलाश सुंदरियाल और दुर्गा देवी के परिवार ने अपने रिश्तेदारों के यहां शरण ले ली है, जबकि अन्य परिवार गांव के ही समीप गोशाला और खेतों में टेंट लगाकर रह रहे हैं। गांव का शिव मंदिर भी भूस्खलन से जमींदोज हो गया है। शनिवार को एसडीएम कुमकुम जोशी ने गांव में जाकर भूस्खलन की स्थिति का जायजा लिया।

एसडीएम के निर्देश पर खतरे की जद में आए 35 अन्य परिवारों को भी शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। एसडीएम ने प्रभावित परिवारों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को भी सुना। एसडीएम ने बताया कि गांव के नौ परिवार शिफ्ट किए जा चुके हैं। गांव के पंचायत भवन और मिनल केंद्र को रिजर्व में रखा गया है। खतरे की जद में आ रहे 35 अन्य परिवारों को भी सुरक्षित जगह पर रखने की कार्रवाई चल रही है।

## जिले में 17 सड़कें बंद, वीरभट्टी पुल पर भूस्खलन

**नैनीताल।** लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों की स्थिति खराब है। वीरभट्टी स्थित पुल के ऊपर रविवार सुबह बारिश के कारण भूस्खलन हो गया। जिससे भारी मात्रा में मलबा पहाड़ी से गिरकर नीचे आ गया। इससे अल्मोड़ा जाने वाला मार्ग करीब एक घंटे तक बंद रहा। बाद में मलबा हटाकर यातायात सुचारू कर दिया गया। वहीं जिले में 17 सड़कें बंद हैं। जिसमें रामनगर–तल्लासेठी व हल्द्वानी–हैड़खान राज्यमार्ग के अलावा अन्य सभी ग्रामीण मार्ग हैं। वहीं नैनीताल में रविवार को मौसम ने करवट बदली। दोपहर में नैनीताल में धूप खिली रही। जिसके बाद शाम को फिर से बारिश होने लगी।नैनीताल से सटे गेठिया गांव में बिजली की लाइन पर पेड़ गिरने से ग्रामीण क्षेत्रों में 19 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## उत्तर का रक्षक मिग–29 अब श्रीनगर में तैनात

**श्रीनगर, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान और चीन के खतरों से निपटने के लिए श्रीनगर एयर बेस पर एडवांस मिग–29 लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन तैनात किया है। मिग–21 स्क्वाड्रन को श्रीनगर बेस पर ट्राइडेंट्स स्क्वाड्रन से बदला गया है। इस इंडियन एयरफोर्स के ट्राइडेंट स्क्वाड्रन को 'उत्तर के रक्षक' के रूप में भी जाना जाता है। श्रीनगर बेस पाकिस्तान से खतरों से निपटने के लिए जिम्मेदार है। भारतीय वायुसेना के पायलट स्क्वाड्रन लीडर विपुल शर्मा ने कहा कि क्योंकि श्रीनगर घाटी के केंद्र में है, इसकी ऊंचाई मैदानी इलाकों की तुलना में ज्यादा है, इसलिए सीमा से नजदीकी को देखते हुए ज्यादा हैवी रेश्यू और कम रिस्पांस टाइम वाले विमान को रखना बेहतर है। उन्होंने कहा कि यह बेहतर एवियोनिक्स और लंबी दूरी की मिसाइलों से भी लैस है।मिग–29 इन सभी मानदंडों को पूरा करता है, जिसके कारण हम दोनों मोर्चों पर दुश्मनों से लोहा लेने में सक्षम हैं। मिग–21 विमान की तुलना में मिग–29 के कई फायदे हैं। मिग–21 कश्मीर में अपनी जिम्मेदारी वाले इलाके की सफलतापूर्वक रक्षा कर रहा है। ये



2019 में बालाकोट में पाकिस्तानी आतंकवादियों के लांच पैड पर हवाई हमले के बाद एफ–16 को मार गिराने में भी सफल रहा था। मिग–29 सरकार की तरफ से सशस्त्र बलों को दी गई एमर्जेंसी एक्सेस पावर का इस्तेमाल

### पाकिस्तान और चीन को मुंह तोड़ देगा जवाब

करते हुए घातक गोला–बारूद से लैस है। सुधारों के बाद, विमान बहुत लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों से भी लैस है। अधिकारियों ने कहा कि डॉग फाइट के दौरान ये विमान, दुश्मन के विमान की क्षमताओं को जाम कर सकता है।

## सीएम धामी ने किया 'मेरी माटी–मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत 'वीरों का नमन' कार्यक्रम में प्रतिभाग

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को गुच्चु पानी, देहरादून में 'मेरी माटी–मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत आयोजित 'वीरों का नमन' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रेमचंद अग्रवाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, मेयर ऋषिकेश अनीता मंमगांइ, विधायक मुन्ना सिंह चौहान एवं सविता कपूर भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अमर बलिदानियों की स्मृति में शिलापट्ट का अनावरण किया। उन्होंने सभी को पंच प्रण की शपथ दिलाई एवं गुच्चू पानी में अमृत वाटिका के लिए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ दिलाई गई एवं सेल्फी भी ली गई। मुख्यमंत्री ने सभी को अपनी सेल्फी [illegible] पर अपलोड करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'मेरी माटी–मेरा देश' कार्यक्रम में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के परिजनों का स्वागत करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज मुख्य सेवक के रूप में उन्हें सभी को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमें उन वीरों की वंदना करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिन्होंने देश की माटी की खातिर अपने प्राणों की आहुति दी। प्रधानमंत्री जी ने आजादी के अमृत काल में देशवासियों को पंच प्रण दिए हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रण, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का प्रण, भारत की समृद्ध विरासत पर गर्व एवं उसका संरक्षण करने का प्रण तथा देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का प्रण। जिस प्रकार आज तक हमने प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ किए गए प्रत्येक अभियान को अपना सम्पूर्ण सहयोग एवं समर्थन दिया है, उसी प्रकार मुझे विश्वास है कि हम 'मेरी माटी–मेरा देश' अभियान को भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि देवभूमि के साथ ही वीरों की भूमि भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से आज सेना न केवल पहले से और अधिक सक्षम और सशक्त हो रही है बल्कि उसकी यश और कीर्ति पताका सम्पूर्ण विश्व में फैल रही है। सरकार जहां एक ओर सेना के आधुनिकीकरण पर बल दे रही है, वहीं दूसरी ओर सैनिकों और उनके परिवारों को मिल रही सुख–सुविधाओं का भी ख्याल रख रही है। प्रधानमंत्री जी निरंतर सैनिकों के साहस और मनोबल को बढ़ा रहे हैं। राज्य सरकार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सैनिकों एवं उनके परिवार को मिलने वाली सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने सैनिकों या उनके आश्रितों को मिलने वाली अनुदान राशि बढ़ाने से लेकर शहीद सैनिकों के आश्रितों को राज्य सरकार के अधीन आने वाली नौकरियों में वरीयता के आधार पर नियुक्ति देने का निर्णय भी इसी आशय से लिया है। उत्तराखण्ड राज्य के वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों को देय एकमुश्त अनुदान राशि में वृद्धि की गई है। उत्तराखण्ड से द्वितीय विश्व युद्ध की वीरांगना एवं वेटरन की पेंशन प्रतिमाह 8 हजार रूपये से बढ़ाकर 10 हजार रूपये की गई है।

## संविधान और भाईचारे को बरकरार रखना है तो मोदी सरकार को सत्ता से हटाना जरूरीः खड़गे

**जांजगीर, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर सभी मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगले वर्ष होने वाले संसदीय चुनावों में संविधान को बचाने और देश में भाई–चारे को बरकरार रखने के लिए इसे सत्ता से बेदखल करना जरूरी है। खड़गे ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित भरोसे के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य में वर्ष के अन्त में होने वाले विधानसभा चुनावों में वह पार्टी के सत्ता में वापसी के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त है और भाजपा यहां मुकाबले में ही नही है, हमें पूरी ताकत अगले वर्ष होने वाले संसदीय चुनावों में लगानी है और राज्य की सभी



सीटों पर हमें जीत दर्ज करनी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नफरती राजनीति और संविधान को बचाने के लिए हमें एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं को किस तरह से कमजोर किया जा रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है।

उन्होंने कहा कि संविधान को बचाने एवं भाई चारे को बरकरार रखने में कांग्रेस अपनी तरफ से पूरी ताकत लगा रही है।

# पतंजलि के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा

हरिद्वार। लंदन के आईपी एड्रेस पर पतंजलि योगपीठ की फर्जी वेबसाइट बनाकर बिहार से फर्जी कॉल सेंटर जरिये लोगों से ठगी करने वाले गिरोह को बहादराबाद पुलिस, साइबर सेल और सीआईयू ने पकड़ा है। गिरफ्तार किए गए गैंग के सरगना और एक नाबालिग सदस्य के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल किए गए तीन मोबाइल, पतंजलि योगपीठ के नाम के फर्जी बाउचर, बैंक खातों की डिटेल से लेकर महत्वपूर्ण चेटिंग बरामद की गई है। एसएसपी अजय सिंह ने हाईप्रोफाइल प्रकरण का पटाक्षेप करने पर पुलिस टीम का हौसला बढ़ाया है। रविवार को मायापुर चौकी कैंपस में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि दो



अगस्त को रजनीश उर्फ स्वामी बजरंग देव निवासी पतंजलि योगपीठ ने बहादराबाद थाने में पतंजलि योगपीठ योगग्राम में इलाज के नाम पर अलग–अलग राज्यों के तीन लोगों से दो लाख की रकम ठग लेने की शिकायत दर्ज कराई थी। एसपी सिटी ने बताया कि बहादराबाद पुलिस, साइबर सेल एवं सीआईयू की टीम गठित की गई थी। तफ्तीश के दौरान सामने आया कि पतंजलि योगपीठ योगग्राम की फर्जी वेबसाइट लंदन की आईपी से तैयार कराई गई थी। संयुक्त पुलिस टीम ने दस अगस्त को बिहार के नवादा जिले के ग्राम सोहजाना में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर में दबिश देकर संचालक सुरेंद्र चौधरी पुत्र बिशुन चौधरी निवासी ग्राम कविरपुर थाना शेखुपुर सराय जिला शेखपुरा बिहार और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को स्थानीय सीजेएम कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर लेकर यहां लाया गया।

## तरसाली में हुई घटना के चार मृतकों के शव गुजरात भेजे

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ हाईवे पर तरसाली में टूटी पहाड़ी के नीचे दबकर पांच लोगों की मौत के बाद उनके शवों को गुजरात भेज दिया गया। जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन के अधिकारियों की मौजूदगी में दो एम्बुलेंसों में शवों को गुजरात भेजा गया। 11 अगस्त की सांय करीब 4:10 बजे केदारनाथ हाईवे पर तरसाली में भारी भरकम चट्टान टूटने गई जिससे यहां गुजर रही एक कार चपेट में आ गई। बड़ी मात्रा में मलबे को पहले दिन नहीं हटाया गया जबकि दूसरे दिन युद्धस्तर पर किए गए कार्य के बाद मलबे में कार और उसमें पांच लोग दबकर मृत पाए गए। इनमें चालक हरिद्वार का रहने वाला था जबकि चार लोग गुजरात के थे। प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन द्वारा सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया ।

# ईएसआई कर्मचारियों ने सोसाइटी को बताया भविष्य के लिए खतरा

देहरादून। कर्मचारी राज्य बीमा योजना के कर्मचारियों ने विभाग को सोसाइटी के दायरे में लाने का विरोध तेज कर दिया है। कर्मचारी अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा योजना संयुक्त संघ ने सोसाइटी गठन का विरोध किया। सरकार से सोसाइटी गठन के बाद कर्मचारियों की सेवा शर्तों, सुविधाओं को लेकर स्थिति स्पष्ट किए जाने की मांग की। संघ की अनुराग नर्सरी कांवली में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि सोसाइटी का गठन कर कर्मचारियों के हितों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। ये साफ नहीं किया जा रहा है कि विभाग के तहत सोसाइटी बनाई जा रही है या सोसाइटी में ही विभाग का विलय किया जा रहा है। ये भी नहीं बताया जा रहा है कि विभाग और सोसाइटी साथ साथ काम करेंगे या विभाग समाप्त किया जा रहा है। स्थिति साफ न होने के कारण कर्मचारियों में डर का माहौल बना हुआ है। सभी कर्मचारियों की नियुक्ति राज्य सरकार की सेवा शर्तों के अधीन हुई है। सोसाइटी गठन के बाद कर्मचारियों को वेतन भत्ते, पेंशन, जीपीएफ, पेंशन, गोल्डन कार्ड का लाभ कैसे दिया जाएगा। सोसाइटी बनने के बाद कर्मचारियों को रखे जाने पर क्या पुरानी सेवा शर्तें ही लागू होंगी या सोसाइटी अपनी सेवा, शर्तें लागू करेगी, ये भी स्पष्ट नहीं किया जा रहा है। ढांचे के तहत स्वीकृत पदों को रखे जाने का भी स्पष्ट उल्लेख नहीं है। ढांचे के पद सोसाइटी में रहेंगे भी या नहीं, ये भी तय नहीं है। कहा कि जब मौजूदा स्टाफ ने ही काम करना है, तो सोसाइटी गठन का क्या लाभ है। बेहतर होता की डिस्पेंसरियों का आधुनिकीकरण किया जाता। बैठक में डा. नेहा प्रिया, जगतराम थपलियाल, भूपेंद्र सिंह, कृष्ण किशोर जोशी, विनीत चौहान, धीराज राय आहुजा, दीपक राणा, बकरत अली, बबीता जगूडी, मार्तण्ड राज, प्रवीन उनियाल, दिनेश वर्मा, केके जोशी, गजेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

दूसरे राज्यों में फेल हुआ सोसाइटी मॉडलः संघ ने दूसरे राज्यों का हवाला देते हुए कहा कि अधिकतर स्थानों पर सोसाइटी मॉडल फेल साबित हुआ है। समय पर वेतन भुगतान तक नहीं होता है। सोसाइटी बना कर मृतक आश्रितों को अनुकंपा पर मिलने वाली नियुक्ति का लाभ नहीं मिलेगा। कर्मचारी संगठनों का प्रतिनिधित्व समाप्त हो जाएगा। सिर्फ संविदा, आउटसोर्स पर ही काम कराया जाएगा। नियमित नियुक्ति बंद हो जाएगी।

# छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी

विकासनगर। एकलव्य आदर्श विद्यालय कालसी में रविवार को शिक्षक–अभिभावक परिषद की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन एवं छात्र–छात्राओं की संपूर्ण उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत करना था।

बैठक में विद्यालय की प्राचार्या सुधा पैन्यूली ने अपने संबोधन में सभी अभिभावकों को विद्यालय की संपूर्ण गतिविधियों एवं उपलब्धियों के विषय में संक्षेप में बताया। जिसमें उत्कृष्ट विद्यार्थियों की सूची, देश के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों में उनका चयन, राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक उत्सवों एवं प्रतिस्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ–साथ विद्यार्थियों की अकादमिक उपलब्धियों, विभिन्न गतिविधियों जैसे डाक्यूमेंट्री के लिए देश के सभी एकलव्य विद्यालयों में से एकलव्य विद्यालय कालसी का चयन सीएस आईआर आदि शैक्षिक कार्यक्रमों से भी अभिभावकों को अवगत कराया गया।

बैठक में अभिभावक परिषद का चयन भी किया गया। जिसमें भोपाल सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह, कल्याण सिंह, दाताराम, बलराम जोशी, चमन सिंह नेगी, विनिता, ममता देवी, रीना डोभाल आदि को सदस्य नियुक्त किया गया।

बैठक में अभिभावकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय निरंतर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता रहता है, जो शिक्षा के साथ–साथ अनुशासन एवं नैतिक मूल्य में भी छात्र–छात्राओं के भविष्य में सहायक होंगे। इस दौरान सचिन चमोली, अतुल काला आदि मौजूद रहे।

## पिलखी गांव में पौधरोपण किया

चमोली। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत भेंटा के पिलखी गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गोविंद सिंह नेगी की स्मृति में पौधरोपण किया गया और अमर शहीदों के बलिदान को याद कर नमन किया गया। गोविंद सिंह नेगी आजाद हिंद फौज के सिपाही थे। बर्मा सिंगापुर की लड़ाई में वह शहीद हो गए थे। उनकी वीरता के लिए उन्हें ताम्रपत्र भी मिला। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को उनके गांव में स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके नाम से पौधरोपण किया गया। मौके पर जोशीमठ पूर्व प्रधान संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह नेगी के नेतृत्व में कालिंका धार तोक मैं पौधरोपण किया गया।

# भाजपा की सबसे बड़ी जीत किसान सम्मान निधि : जोशी

हरिद्वार। जब से मोदी सरकार केंद्र में आई है तब से किसानों को उनकी फसलों का दाम पूरा मिल रहा है। बिचौलियों को पूरी तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। मंडवे को बढ़ावा देने के लिए 61 हजार समूहों को गांव–गांव में मंडवा खरीदने के लिए भेजा जा रहा है।

ये बातें रविवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी ने भाजपा के जिला पंचायत सदस्यों के अभ्यास वर्ग में कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी जीत किसान सम्मान निधि है। केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व मानचित्र पर नई पहचान दी है। उत्तराखंड सरकार राज्य के




लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है।

हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव, निकाय चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बना सके इसके लिए अभी से प्रयास करने होंगे।

सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में आखिरी छोर पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है।

## वननेस वन परियोजना के तहत किया पौधरोपण

देहरादून। संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को वननेस वन परियोजना के तहत आईटी पार्क के समीप स्थित हिम ज्योति स्कूल सहस्त्राधारा रोड में पौधरोपण किया गया। स्थानीय संयोजक नरेश विरमानी, जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह के दिशा निर्देशन में अर्जुन, आंवला समेत विभिन्न प्रजातियों के करीब सौ पौधे लगाए गए। अभियान में कई समाजसेवी और क्षेत्र के लोग भी शामिल हुए। उन्होंने अभियान की सराहना की। स्थानीय संयोजक नरेश विरमानी ने इस अवसर पर कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह ने कहा था कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर, दोनों ही हानिकारक हैं। इस कथन को निरंकारी मिशन कई वर्षों से विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी लेने के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2021 में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राजपिता के आशीर्वाद से निरंकारी मिशन ने वननेस वन नामक एक मेघा परियोजना की शुरुआत की। जिसके तहत देश के करीब 317 स्थानों पर 1 लाख 30 हजार पौधों का रोपण किया गया। 2022 के दूसरे चरण में 403 जगहों पर 1 लाख 65 हजार पौधे रोपे गए।

## नरेंद्रनगर पॉलिटेक्निक में दो नए कोर्स

देहरादून। सरकार ने टिहरी गढ़वाल के नरेंद्रनगर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक का नाम बदलकर गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कर कर दिया है। साथ ही दो नए पाठ्यक्रमों को भी मंजूरी प्रदान की गई है। तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2023–24 से ही बीटेक इन कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के कोर्स संचालन की अनुमति प्रदान कर दी गई है। मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही संस्थान में कम्प्यूटर साइंस में 60 और आर्टिफिशियल इण्टेलीजेंस में 30 सीट पर प्रवेश होंगे। उन्होंने कहा कि संस्थान में यह स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम होंगे। इसके लिए यहां एआईसीटीई के मानकों के अनुसार स्टाफ, फैकल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसका लाभ आस पास के क्षेत्रों के युवाओं को मिलेगा।

# भूस्खलन से पगनों गांव के ग्रामीण दहशत में

चमोली। पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन से पगनों गांव के लोग दहशत और मुश्किल में हैं। गांव के नौ परिवारों ने अपने घर छोड़ दिए हैं, जबकि 35 अन्य परिवारों को भी शिफ्ट करने की तैयारी है। एसडीएम कुमकुम जोशी ने गांव में जाकर आपदा प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को पूरी मदद दी जाएगी। पगनों गांव के प्रदीप सिंह ने बताया कि गांव के ठीक पीछे स्थित पहाड़ी के शीर्ष भाग में एक प्राकृतिक झील थी। दो साल पहले झील के पानी का रिसाव होने लगा। भारी बारिश से गांव में मलबा भी आने लगा। इस बार तो पहाड़ी से भयंकर भूस्खलन शुरू हो गया। जिससे मुरलीधर, पुष्पा देवी, जय प्रसाद, कैलाश सुंदरियाल, प्रदीप सिंह,



दिलवर सिंह, दुर्गा देवी, कुंदन सिंह और भोपाल लाल ने अपने घर छोड़ दिए हैं। उनके घर पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आ गए हैं। कैलाश सुंदरियाल और दुर्गा देवी के परिवार ने अपने रिश्तेदारों के यहां शरण ले ली है, जबकि अन्य परिवार गांव के ही समीप गोशाला और खेतों में टेंट लगाकर रह रहे हैं। गांव का शिव मंदिर भी भूस्खलन से जमींदोज हो गया है। शनिवार को एसडीएम कुमकुम जोशी ने गांव में जाकर भूस्खलन की स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम के निर्देश पर खतरे की जद में आए 35 अन्य परिवारों को भी शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है।

## पुलिस ने 14 वाहनों के काटे चालान

रुड़की। रविवार को पुलिस ने हाईवे पर अंधाधुंध दौड़ रहे वाहनों की चेकिंग की। इसमें पुलिस ने आठ ई–रिक्शा और एक ट्रक की सीज कार्रवाई की। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर 14 वाहनों के चालान कर 8,000 रुपये जुर्माना भी वसूला गया। इसके अलावा 81 पुलिस एक्ट में पांच लोगों का चालान कर 2,000 का जुर्माना भी वसूला। उधर पुलिस की कार्रवाई को देखते हुए ई–रिक्शा संचालकों व ऑटो संचालको में हड़कंप मचा रहा। टीम के वापस लौटने के बाद ही वाहन संचालकों ने राहत की सांस ली। भगवानपुर थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। साथ ही, उन्होंने बताया कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# केदारनाथ सहित कई प्रमुख मंदिरों के पुजारी रहे राचलिंग का निधन

रुद्रप्रयाग। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति में केदारनाथ और अन्य मंदिरों के पुजारी रहे राचलिंग पुजारी का आकस्मिक निधन हो गया। शनिवार को ऊखीमठ में स्थित रावल व पुजारियों के समाधि स्थल पर उन्हें भू समाधि दी गई। उनके निधन पर स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, मंदिर समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दुख व्यक्त किया। 82 वर्षीय पुजारी राचलिंग द्वारा करीब 44 वर्षों तक केदारनाथ, मद्महेश्वर और ओंकारेश्वर मंदिर में मुख्य पुजारी के रूप में सेवाएं दी गयी। वे कला, साहित्य एवं संगीत के मर्मज्ञ विद्वान थे। उनके निधन पर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा आशा नौटियाल,बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, विधायक शैलारानी रावत, पूर्व विधायक मनोज रावत, ब्लॉक प्रमुख श्वेता पांडेय, पूर्व जिपं अध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट,नगर अध्यक्ष विजय राणा,पूर्व अध्यक्ष रीता पुष्पवान,कार्याधिकारी रमेश चन्द्र तिवारी,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार नौटियाल,प्रशासनिक अधिकारी युद्धवीर पुष्पवान, पुजारी गुरुलिंग, राजशेखर लिंग, शिवशंकर लिंग, वागेशलिंग, गंगाधर लिंग, शिवलिंग, आचार्य विश्वमोहन जमलोकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट,अध्यक्ष मदन सिंह रावत, पूर्व प्रमुख लक्ष्मी प्रसाद भट्ट, कुशाल सिंह नेगी, राय सिंह राणा, विदेश चंद शैव, विजेंद्र नेगी, विशेश्वर शैवमहेश बर्त्वाल, जितेंद्र राणा, संजय सिंह, आदि ने शोक व्यक्त किया।

## क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन को लेकर बैठक आज

नई टिहरी। नई टिहरी में आगामी दिनों में होने वाले तीन दिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन को लेकर बौराड़ी के सामुदायिक मिलन केंद्र में सोमवार सांय पांच बजे विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों की बैठक होगी। सनातन धर्म शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर समिति नई टिहरी के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद चमोली ने जानकारी देते हुये बताया कि नई टिहरी में पहली बार वैधिक सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है। बताया सम्मेलन का आयोजन आगामी 25 सितंबर से प्रस्तावित है। सोमवार को होने वाली बैठक उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी कर्म सिंह तोपवाल के नेतृत्व में संपन्न होगी,

# दून में तैनात पुलिस कांस्टेबल का डेंगू से निधन

देहरादून। दून के नेहरू कॉलोनी थाने में तैनात सिपाही का डेंगू के चलते निधन हो गया। वह एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। डेंगू होने के बाद से उनकी लगातार प्लेटलेट्स गिर रही थी। शनिवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली। पुलिस विभाग ने श्रद्धांजलि देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। नेहरू कॉलोनी थाना अध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि कांस्टेबल जगमोहन पंवार की पोस्टिंग उनके थाने में थी। कुछ दिन पहले डेंगू होने पर तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। जहां तबीयत लगातार बिगड़ती गई और शनिवार रात निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन पर डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। दुख की इस घड़ी में शोक संतृप्त परिवार को धैर्य व शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की। जगमोहन पंवार वर्ष 2007 में उत्तराखंड पुलिस में भर्ती हुए थे। वह मूलरूप से ब्रह्मखाल, उत्तरकाशी के रहने वाले थे। वर्तमान में दीपनगर, देहरादून में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। दीपनगर स्थित आवास पर पुलिस के उच्चाधिकारियों व आमजनों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।

## राजभवनः कराटे चैंपियन ज्योत्सना को राज्यपाल ने सराहा

देहरादून। इंडिया नेशनल टूर्नामेंट में कराटे में गोल्ड मेडल विजेता ज्योत्सना पंत ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से मुलाकात की। इस प्रतियोगिता का आयोजन तमिलनाडू में हुआ थाा। ज्योत्सना ने हेवी वेट श्रेणी में सभी प्रतिद्वंदियों को धूल चटाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। राज्यपाल ने ज्योत्सना को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रशंसनीय है। ज्योत्सना उत्तराखंड की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड की बेटियां किसी से कम नहीं हैं।

# इंदिरा विहार कॉलोनी में बनेगा अंबेडकर भवन

रुड़की। सुनहरा के समीप इंदिरा विहार कॉलोनी में अंबेडकर भवन का निर्माण होगा। रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समाज जनकल्याण एवं उत्थान समिति ने भवन का शिलान्यास किया। प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तराखंड के अपर निदेशक देशराज कटारिया ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सर्व समाज को उनके अधिकार दिए हैं। दबे कुचले लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श और पद चिन्हों पर चलते हुए युवाओं को शिक्षित होने की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी नसे से दूर रहे और अपने बड़ों का सम्मान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष शीशराम ने कहा कि भवन की भूमि को क्रय करने में समाज के



लोगों का अहम योगदान रहा है उन्होंने कहा कि इस भवन में समाज के उन निर्धन बच्चों को जो शिक्षा ग्रहण करने के लिए रुड़की आते हैं उन्हे निशुल्क रहने की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही लाइब्रेरी का निर्माण भी होगा। उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। कार्यक्रम को समिति महासचिव विजयपाल सिंह, उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद,,बसंत लाल ने संबोधित किया उन्होंने कहा कि युवाओं को नशाखोरी से दूर रहना चाहिए और अपना ध्यान पूरी तरह से शिक्षा पर केंद्रित रखना चाहिए ।

# यूथ कांग्रेस चलाएगा 15 अगस्त से 'शक्ति सुपर सी कैंपेन'

देहरादून। यूथ कांग्रेस प्रदेश भर में 15 अगस्त से शक्ति सुपर सी कैंपेन चलाएगा।

यह अभियान महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए चलाया जाएगा। रविवार को कांग्रेस मुख्यालय में यूथ कांग्रेस के नेताओं ने इस अभियान का पोस्टर जारी किया। कांग्रेस नेत्री अनुकृति गुसाईं ने बताया कि 'शक्ति सुपर सी कैंपन के तहत 15 अगस्त को हर जिले और विधानसभा में यूथ कांग्रेस की ओर से झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रम में समाज के लिए प्रेरणा बनी महिलाओं को आमंत्रित किया जाएगा, जो झंडारोहण करेंगी। इसके साथ ही शक्ति क्लब और इंदिरा फैलोशिप प्रोग्राम भी शुरू किया जाएगा।

इसमें हर जिले और विधानसभा क्षेत्र में शक्ति क्लब गठित कर महिलाओं के हक की आवाज उठाने का काम किया जाएगा। साथ ही राजनीति में भागेदारी की इच्छुक महिलाओं को इंदिरा फैलोशिप प्रोग्राम से जोड़ा जाएगा। उन्होंने अंकित भंडारी हत्याकांड और मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं के प्रति हिंसा के इस दौर में यूथ कांग्रेस महिलाओं को मजबूत करने का काम करेगी। यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान ने हम शक्ति क्लबों के माध्यम से महिलाओं की आवाज बनकर काम करेंगे और उनके हक और न्याय की लड़ाई लड़ी हर स्तर पर लड़ी जाएगी। प्रेस वार्ता में आरुषी सुंदरियाल, वृतिका, अमदीप बत्रा, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा, वसीम अहमद समेत अन्य मौजूद रहे।

## जीआरपी व आरपीएफ ने ट्रेनो में की सघन चेकिंग

रुड़की। स्वतंत्रता दिवस के दौरान रेल यात्रियों के साथ ही रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को लेकर लक्सर जीआरपी और आरपीएफ ने कई गाड़ियों में संयुक्त चेकिंग की।

उन्होंने ट्रेन के भीतर या प्लेट-फार्म पर रखे लावारिस सामान की सूचना पुलिस को देने की अपील भी की। लक्सर जीआरपी एसओ ममता गोला व आरपीएफ के थानाध्यक्ष रवि कुमार के नेतृत्व में पुलिस संयुक्त टीम ने रविवार को स्टेशन पर खड़ी ट्रेनो में सघन चेकिंग की।

# क्लेमनटाउन में निकली तिरंगा यात्रा

देहरादून। धर्मपुर विधानसभा के क्लेमेनटाउन क्षेत्र में स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा यात्रा में साइकिल सवार, स्कूटर, ई–रिक्शा के साथ कैंटबोर्ड, एयर फोर्स, क्लेमेनटाउन रेसिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी के सदस्य शामिल हुए। तिरंगा यात्रा को शहीद जसवंतसिंह रावत स्मारक से कैंटबोर्ड क्लेमेनटाउन के सीईओ कौशल गौतम ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सीईओ ने इस अवसर पर कहा कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा देश भक्ति के कार्यक्रम करने से समाज मे राष्ट्र के प्रति सम्मान बढ़ता है। सेंटर्स अध्यक्ष कर्नल सुरेश त्यागी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को हर परिवार में मनाना चाहिए। सांसद प्रतिनिधि महेश पाण्डे ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा फहराना चाहिए। तिरंगा यात्रा टर्नर रोड होते हुए सहारनपुर रोड, सुभाषनगर, पोस्ट आफिस रोड पहुंची जहां एयरफोर्स के अधिकारियों ने अपने साथियों के साथ तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर कर्नल सुरेश त्यागी, कर्नल हीरामणि बर्थवाल, सुंदर लाल सेमवाल, पुष्कर सामंत, आरपी भट्ट, ब्रिगेडियर एस चौहान, जगदीश भद्री, मोहन जोशी, सुधा गोयल, पुष्पा रावत, सविता मेहता, सरिता, नीतू रावत, मंजू कोटनाला, गोविंद पाण्डे, अनिल कुमार, उमराव गुसाईं मौजूद रहे।

## त्यागी भवन का उपयोग सामाजिक कार्यों में होगा

रुड़की। त्यागी समाज चैरिटेबल ट्रस्ट रुड़की की एक बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से त्यागी भवन के निर्माण का प्रयास जारी था।

## दौड़ में सिद्धांत, सृष्टि, प्रवीन, खुशी सागर और श्रेया रहे अव्वल

**पौड़ी** : क्रास कंटी दौड़ में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंडर 14, 18 व ओपन वर्ग में बालक व बालिकाओं की प्रतियोगिताएं की गई।

रविवार को कंडोलिया से देवप्रयाग मार्ग पर की गई क्रास कंटी दौड़ के अंडर 14 बालक वर्ग में सिद्धांत रावत पहले, धैर्य ठाकुर दूसरे, आदित्य तीसरे, बालिका वर्ग में सृष्टि गुसांई पहले, तान्या रावत दूसरे व पूजा तीसरे स्थान पर रहे।

अंडर 18 बालक वर्ग में प्रवीन सिंह ने पहला, अनिकेत ने दूसरा व प्रियांशु ने तीसरा, बालिका में खुशी ने पहला, महक ने दूसरा व खुशी ने तीसरा स्थान पाया। ओपन पुरुष वर्ग में सागर पहले, साहिल खान दूसरे व आदित्य रावत तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में श्रेया ने पहला व राधा ने दूसरा स्थान पाया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस मौके पर जिला क्रीडा अधिकारी अनूप बिष्ट, दीपक चंद्र जोशी, महेश्वर सिंह नेगी, श्याम सिंह डांगी, शिवम सिंह रावत, राजेश रावत आदि शामिल रहे।

# कोटद्वार पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर के टप्पेबाज गिरोह का किया पर्दाफाश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर के टप्पेबाज गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने टप्पेबाजी करने वाली सांसी गिरोह की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की गयी शत प्रतिशत धनराशि भी बरामद की।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि विपिन नेगी पुत्र स्व. जगदीश चंद्र, निवासी पदमपुर, कोटद्वार द्वारा कोतवाली कोटद्वार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत 7 अगस्त को अपनी माताजी श्रीमती राधा देवी के साथ भारतीय स्टेट बैंक आया था, जहां पर उनके द्वारा बैंक से 1 लाख 20 हजार निकाले। इसके पश्चात वह तीलू रतौली चौक कोटद्वार के निकट पर्वतीय मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने के लिए अपना बैग खोल तो उससे रुपए गायब मिले। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली कोटद्वार पर आईपीसी की धारा 379/411 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने अभियोग के सफल निस्तारण के लिए टीम गठित करने के लिए आदेश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार/ऑपरेशन विभव सैनी के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोटद्वार मनीभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी करते हुये थाने क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक, चौंक, मेडिकल स्टोर एवं अभियुक्तगणों के आने-जाने वाले मार्ग के लगभग 300 सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासों से रविवार को हरिद्वार से श्रीमती चमेली बाई (उम्र 50 वर्ष) पत्नी हरीश चंद्र, निवासी कड़िया (सांसी), तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, मीनाक्षी (उम्र 30 वर्ष) पत्नी बबलू, निवासी ग्राम गुलखेड़ी, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों से 1 लाख 13 हजार रूपए बरामद किये गये है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ताओं को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक प्रद्युमन सिंह नेगी, मुख्य आरक्षी हेमन्त कुमार, चरण सिंह, आरक्षी चन्द्रपाल सिंह, दीपक कुमार, गौरव यादव, हरीश, सुमन पांथरी, शालिनी आदि शामिल थे।



### अपराध करने का तरीका

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि ये लोग अपने निकट गांव के सगे सम्बन्धियों के साथ देश के अलग-अलग कोनों में समूह बनाकर चलते हैं, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, घाटों व बैंक में भीड़ वाले इलाको में एक घेरा बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

### सांसी गिरोह की दो महिलाओं को किया गिरफ्तार

## प्रधानाचार्य व प्रवक्ता पदों पर शीघ्र पदोन्नति की जाए



### राजकीय शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

संघ के पूर्व जिला मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश के लगभग 80 प्रतिशत विद्यालय प्रधानाचार्य विहीन है, प्रभारी प्रधानाचार्य शिक्षण कार्य के अतिरिक्त विद्यालय से संबंधित सभी कार्यो का दायित्व का निर्माण कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं, इसलिए प्रधानाध्यापक एवं प्रवक्ता पदों पर जितना जल्दी हो सके पदोन्नति से भरे जाए, अन्य पारदर्शी स्थानांतरण अधिनियम, व्यायाम शिक्षकों के लिए प्रवक्ता पद सृजित, मंडल परिवर्तन पर शिक्षकों की वरिष्ठ प्रभावित न हो, चयन वेतनमान पर एक वेतन वृद्धि, एलटी में 22 वर्षों की सेवा के उपरांत प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत करने, कनिष्ठ वरिष्ठ शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर करने की मांग की। इस अवसर पर डा. पद्ममेश बुडाकोटी, धीरेंद्र सिंह रावत, डबल सिंह रावत, संजय रावत, बिजेंदर तोमर, राजेंद्र भंडारी, रमाकांत कुकरेती, सुनील रावत, जयकृत नेगी, पूर्ण चंद धूलिया, गजेंद्र रावत, विनोद पंत, कुलदीप मैंदोला, संजय शर्मा, दलवीर सिंह रावत, देवेंद्र सिंह रावत, मनमोहन रौतेला, सरिता रौतेला, अंजना, संतोषी, बबीता, बबीता ध्यानी आदि उपस्थित थे।

# अमृत वाटिका में रोपे 75 फलदार प्रजाति के पौधे

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : राष्ट्रव्यापी उत्सव ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के तहत विकासखंड एकेश्वर के पब्लिक इण्टर कॉलेज सुरखेत में एनएसएस इकाई और ग्राम पंचायत धरासू के द्वारा माटी को नमन, वीरों का वंदन कार्यक्रम चलाकर विद्यालय की अमृत वाटिका में 75 फलदार प्रजाति पौधों का रोपण किया गया।

वसुधा वंदना कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी, ग्राम पंचायत धरासू की प्रधान रीना देवी, वार्ड सदस्य मुकेश राणा, संदीप सिंह ने अमृत वाटिका में संतरा के पौधों का रोपण करते हुए किया। देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में संतरा, नींबू, अमरूद, कटहल, अनार के 75 फलदार पौधे रोपकर विद्यालय में एकता प्रतीक उद्यान के रूप में अमृत वाटिका तैयार की गई। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत देश के आम जनमानस में राष्ट्र के प्रति समर्पण, देश भक्ति और आस्था का भाव पैदा करने के लिए देश भर में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत माटी को नमन, वीरों का वंदन कार्यक्रम चलाकर देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शहीदों के नाम से 75 फलदार पौधों का रोपण करके अमृत वाटिका बनाई जा रही है। इस मौके पर ग्राम पंचायत धरासू की चन्द्रकला रमोला, घुंघरी देवी, काशी देवी, सुदाशना रमोला सहित एनएसएस के स्वंय सेवी अमन सिंह, सुजल राणा, मोहित रमोला, आर्यन चौहान, कृष सिंह, अंकित पांथरी, राधिका, सानिया, अर्चना, रोनिका, दिया आदि मौजूद थे।



अमृत वाटिका में पौधे रोपते हुए महिलाएं और छात्राएं।

## महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने को किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नाबार्ड द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त दिशा कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) के वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पौड़ी ब्लॉक के विभिन्न.ग्राम सभाओं की महिलाओं को अचार, चटनी, जैम, हर्बल टी आदि को बनाने की जानकारी के साथ ही विपणन की जानकारियां दी गई। इस मौके पर एफपीओ के निदेशक मंडल का गठन भी किया गया।

पौड़ी ब्लाक के डोभ श्रीकोट स्थित दिशा कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) के वार्षिक आम सभा में विभिन्न ग्राम सभाओं की महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आजीविका को सुदृढ़ करने की जानकारियां दी गई। इस मौके पर एफपीओ के सीईओ नीरज बलूनी ने बताया कि संगठन की ओर से पौड़ी ब्लाक की डेढ़ दर्जन से अधिक ग्राम सभाओं की महिलाओं को अचार, चटनी, जैम, हर्बल टी आदि को बनाने की जानकारियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने गांवों में ही स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर सकती हैं। नाबार्ड के डीडीएमओ हिंमाक शर्मा ने विभिन्न योजनाओं की जानकारियां दी। इस मौके पर एफपीओ के निदेशक मंडल के चयन में धर्मादेवी को अध्यक्ष, कुलदीप नौडियाल को कोषाध्यक्ष, मीना देवी व मंजूदेवी को सदस्य चुना गया। कार्यक्रम में एटीआई के भरत रावत ने तकनीकी जानकारियां दी।

# कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला, सीएम के दौरे को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार आपदा के बीच मुख्यमंत्री के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में न जाने, स्थानीय विधायक की ओर से प्रभावितों के लिए उचित मुआवजे का ऐलान न किए जाने और गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत के आपदा के इतने दिनों बाद भी कोटद्वार भ्रमण जरूरी न समझने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडाचौक पर प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री ने आपदा से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करना उचित नहीं समझा और न ही किसी मुआवजे की घोषणा की। लोगों के कमर्शियल वाहनों के नुकसान की भरपाई पर भी मुख्यमंत्री मौन रहे। वहीं गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत भी अभी तक प्रभावितों की सुध लेने नहीं पहुंचे।

रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल और यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में झंडाचौक पर एकत्रित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आपदा के कारण पूरे कोटद्वार क्षेत्र में तबाही मची हुई है। जगह-जगह लोगों के घरों में बारिश का पानी घुसा और उनके आशियाने ढ़ह गए। घरों में मलवा आने की वजह से लोग अन्यत्र रहने के लिए मजबूर हैं। कहा कि जहां एक ओर महापौर हेमलता नेगी व पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी प्रभावितों से लगातार मुलाकात कर उनकी हर संभव मदद कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने इस संबध में एक भी शब्द नहीं कहा, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन करने वालों में सुदर्शन रावत, बृजपाल नेगी, शूरवीर सिंह, साबर सिंह, हेमचंद्र पंवार, प्रीति सिंह, अंकुश घिल्डियाल, रजनीश उप्पल, सरदार उप्पल सिंह, बाबी बिष्ट, राजा आर्य, रूपेंद्र सिंह नेगी, संजय रावत आदि थे।



झण्डाचौक में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते हुए।

# महाविद्यालय में विश्वविद्यालय का एक प्रतिनिधि को बैठाया जाए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : डॉ. पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। कहा कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राआं की संख्या अधिक होने के कारण विश्वविद्यालय का सिंगल विण्डो सिस्टम लाने के संदर्भ में विश्वविद्यालय का कोई एक प्रतिनिधित्व को महाविद्यालय में बैठना अति आवश्यक है।

ज्ञापन में जिला संगठन मंत्री मृदुल भट्ट ने कहा कि श्रीदेव सुमन विवि की ओर से राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। छात्रों की अंक तालिका में छात्रों का इनरोलमेंट नंबर और महाविद्यालय का नाम लंबे समय से गलत छपता आ रहा है। परिषद के आंदोलन के बाद महाविद्यालय से बड़ी संख्या में अंक तालिकाओं को वापस श्रीदेव सुमन विवि सुधार के लिए भेजा गया। वहीं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय संबधी छोटी सी समस्या के निस्तारण के लिए श्रीदेव सुमन विवि जाना पड़ रहा है।

इसमें उनका धन और समय दोनों बर्बाद हो रहे हैं। इसलिए महाविद्यालय में सिंगल विंडो सिस्टम खोला जाना चाहिए और विवि के प्रतिनिधि को वहां पर नियुक्त किया जाना चाहिए। ज्ञापन में उच्च शिक्षा मंत्री से उपरोक्त समस्याओं के समाधान की अपील की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संगठन मंत्री मृदुल भट्ट, आयुष त्रिपाठी, अक्षित केष्टवाल, स्वाति गैरोला, ईशा गोदियाल और अनिकेत दुगलचा आदि शामिल थे।



उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य।

## भारी बारिश की भेंट चढ़ा धुमाकोट-कोटद्वार मोटर मार्ग

**पौड़ी** : मौसम विभाग की चेतावनी जिले में अब भारी पड़ती जा रही है। जिले में भारी बरसात के चलते 28 मोटर मार्गों पर यातायात ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों की लाइफलाइन कही जाने वाली इन सड़कों पर पिछले 10 दिनों से यातायात ठप पड़ा हुआ है। वहीं जिले के तीन ब्लाकों में एक दर्जन पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिससे लोगों की समस्याएं हर दिन बढ़ती ही जा रही हैं। वहीं धुमाकोट क्षेत्र में बरसात के चलते धुमाकोट-कोटद्वार मोटर मार्ग पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

राज्य के सबसे बड़े 15 जिलों वाले में भारी कहर बनकर टूट रही है। जिले में बारिश के चलते रविवार तड़के थाना धुमाकोट क्षेत्रान्तर्गत धुमाकोट-कोटद्वार मोटर मार्ग मोक्छन नैनीडांडा के पास क्षतिग्रस्त हो गया। इस मोटर मार्ग का बड़ा हिस्सा भारी बारिश की भेंट चढ़ गया। जिसके चलते सड़क के दोनों ओर यातायात रूप गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों किनारों पर यात्रियों को रोक दिया। साथ ही वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनायी जा रही है। सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद किया गया है। वहीं जिले में बीते दिनों हुई बारिश के चलते 28 मोटर मार्गों पर यातायात ठप पड़ गया है। जिले में 4 राज्य मार्ग समेत एक जिला मार्ग और 24 ग्रामीण मार्ग अवरुद्ध हैं।

# बेटियां करेंगी ध्वजारोहण, कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए 15 अगस्त को सूपर शक्ति सी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित सिंह व प्रदेश महासचिव आशीष नेगी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर महिला सशक्तिकरण की झलकियां दिखाई पड़ेगी। महिलाएं युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेके अपने हक और हिस्सेदारी के लिए ध्वजारोहण करेंगी। शक्ति क्लब के जरिए महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने का प्रयास करेगी और इस क्लब के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगी की जिस भी क्षेत्र में महिलाएं भविष्य में आगे बढ़ना चाहे उसमे उनकी मदद कर सशक्त कर सके।

कहा कि वर्तमान समय में आज देश भर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेके अनेकों प्रश्न चिन्ह खड़े हो गए हैं। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के चलते उन्हें दबाने और आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है, इस असमानता को दूर करने के लिए युवा कांग्रेस ने सूपर शक्ति सी कार्यक्रम की शुरुवात की है। जिससे देश की हर महिला अपने हक और हिस्सेदारी के लिए किसी पर भी निर्भर ना रहें। इस मौके पर छात्रसंघ सचिव मुकुल पंवार नगर अध्यक्ष अंकित सुंदरियाल, अमन सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# शहर की समस्याओं का जल्द निराकरण करें : महापौर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम के अंतर्गत सभी वार्डों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के संबध में महापौर हेमलता नेगी ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने अधिकारियों को शहर की समस्त समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश से मलबा लोगों के घरों में घुस गया है, जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मलबे को जेसीबी, निगम कर्मचारियों और मजदूरों की मदद से जल्द से जल्द हटाया जाना चाहिए। साथ ही गंभीर बीमारियों की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया जाय।

बैठक में महापौर ने जल जनित बीमारियों पर रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव करने व इस कार्य के लिए मानिटरिंग समिति का गठन करने, मुख्य बाजार में बनने वाले प्रस्तावित फुटपाथ के ले आउट डिजाइन की डीपीआर बनाने के लिए व्यापारियों, नगर निगम व डीपीआर बनाने वाली कंपनी के बीच संयुक्त बैठक कराने, वर्ष 2019 से प्रस्तावित व निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों की स्थिति, ग्रास्टनगंज में प्रस्तावित पार्क के डीपीआर की स्थिति, शहर में सब्जी विक्रेताओं की सूची तैयार करने और सूची में तीलू रोतेली चौक के समीप की सब्जी मंडी में बैठे सब्जी विक्रेताओं का समावेश करने, सड़कों पर घूम रहे आवारा गौ वंश के लिए गौधाम बनाने हेतु प्रदेश सरकार से पांच एकड़ भूमि आवंटित करने, सिंचाई नहरों की सफाई करने, मोटर नगर में निर्माणाधीन बस अड्डे के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार से वार्ता करने, हाई मास्क लाइट की क्रय स्थिति और सभी शौचालयों, पार्कों की बाउंड्रियों व भवनों की दीवालों पर पोस्टर व पंपलेट लगाने पर जुर्माना लगाने और रिक्त जेई पदों पर साक्षात्कार करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में नगर आयुक्त वैभव गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



महापौर श्रीमती हेमलता नेगी बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# पुरानी पेंशन योजना बहाली को कार्मिकों ने सांसद आवास पर बजाई घंटी



अल्मोड़ा। पुरानी पेंशन योजना बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की जिला कार्यकारिणी के बैनर तले आज कार्मिकों ने सांसद आवास पर घंटी बजाओ अभियान चलाया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि के रूप में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर आयोजित सभा में जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी ने कहा कि भारत का संविधान कर्मचारियों को पेंशन पाने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि पेंशन कर्मचारियों के भविष्य की गारंटी है। एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पुष्कर भैसोड़ा ने कहा कि सांसद और विधायक पुरानी पेंशन ले रहे हैं लेकिन अपना पूरा जीवन सरकारी सेवा को देने के बाद भी कार्मिकों को पेंशन ना दिया जाना उनके साथ अन्याय है। प्रांतीय कोर कमेटी सदस्य धीरेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है। लेकिन कार्मिकों के मेहनत की कमाई को बाजार के हवाले किया जा रहा है जिससे उनका भविष्य खतरे में है। धौलादेवी ब्लॉक संयोजक राजू महरा ने कहा की विधायिका और न्यायपालिका में पेंशन आज भी लागू है लेकिन कार्यपालिका के अंतर्गत आने वाले कार्मिकों को इससे वंचित रखा जा रहा है जो अन्यायपूर्ण है।

## झपट्टामारों ने युवक का मोबाइल छीना

रुद्रपुर। दुकान से घर जा रहा युवक के हाथ से बाइक सवार तीन बदमाशों ने मोबाइल छीनकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेकर आसपास क्षेत्र में कांबिंग की मगर बदमाश हाथ नही आए। हरिदासपुर निवासी रोहित कुमार नगर की रेडीमेड कपड़े की दुकान मे सेल्समैन का कार्य करता है। शनिवार युवक दुकान से घर रात को वह जाफर पुर मार्ग होते हुए साइकिल से घर जा जा रहा था । हरिदासपुर गांव के पास पीछे से तेज गति से आ रही बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने ने झपट्टा मारकर युवक के हाथ से एंड्राइड फोन छीना और रुद्रपुर की और फरार हो गए। युवक शनिवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# दहेज उत्पीडन व मारपीट मामले में पति समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ढकरानी निवासी महिला ने पति, सास, ससुर सहित छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला ने तहरीर में बताया कि दहेज के लिए आरोपी उसके साथ मारपीट और गाली–गलौज करते हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली–गलौज और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नाजरीन परवीन पत्नी दिलशाद निवासी वार्ड नंबर 13 ढकरानी ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि कुछ समय पूर्व उसकी शादी दिलशाद पुत्र अली अहमद निवासी बेहट मोहल्ला कब्रिस्तान सहारनपुर यूपी से हुई थी। शादी के बाद से ही पति दिलशाद, ससुर अली अहमद, सास बानो, अस्मा, उजमा पत्नी अरशद, शहजाद पुत्र अली अहमद दहेज के लिए उत्पीड़न करते आ रहे हैं। आये दिन उसके साथ मारपीट करते हैं। पीड़िता नाजरीन परवीन ने बताया कि पुलिस हेल्प लाइन में भी उसने मदद मांगी थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर मामला सुरझाने का प्रयास किया, लेकिन ससुराली माने नहीं और दहेज की मांग पर अड़े रहे। यही नहीं आरोपियों ने उसे घर से निकाल दिया है। अब आरोपियों ने चेतावनी दी है कि बिना दहेज के ससुराल न आये। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दज कर मामले की जांच एसआई चंद्रशेख नौटियाल को सौंपी गयी है।

## बीटेक परिसर में 75 पौधें लगाकर अमृत वाटिका बनाई

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के बीटेक संकाय में एक भारत श्रेष्ठ भारत और मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पौधारोपण कर अमृत वाटिका बनाई गई। संकायध्यक्ष प्रो. विपुल शर्मा, संकायध्यक्ष ग्रीन ऑडिट सेल प्रो. डीएस मलिक ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर अभियान शुरू किया। पतंजलि योगपीठ के डॉ. संजय योगी पौधरोपण का महत्व बताया।

# ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी आयोजित



अल्मोड़ा। धौलछीना के ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान ग्राम प्रहरियों को गांव में घटित होने वाली समस्त छोटी–बड़ी घटनाओं के संबंध में सूचना देने, समस्त प्रकार के आपसी विवादों एवं झगड़ों की सूचना पुलिस को देने के साथ ही गांव में घूमने वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिये गये। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने ग्राम प्रहरियों से अपना आचरण अच्छा रखते हुए गांव में अपनी अच्छी छवि बनाने व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने को कहा गया।

## कैलाश नदी से हो रहे भू–कटाव से किसान परेशान

रुद्रपुर। कैलाश और बैगुल नदियों से हो रहे भू–कटाव से किसानों की जमीन नदी में समाते जा रही है। चीकाघाट, सलमती, सलमता, बिजटी समेत नदी के किनारे गांवों की जमीन लगातार कट रही है।

सिल्ट होने से नदी समानांतर बह रही है। कैलाश नदी का जलस्तर बढ़ते ही भू–कटाव तेज हो जा रहा है। बाढ़ के पानी से औद्योगिक पार्क की कंपनियों को भी नुकसान पहुंचा है। नौ अगस्त की रात में भारी बारिश की वजह से जेल कैंप स्थित बैगुल नदी का नाला उफान पर आ गया था। सिडकुल की सड़क नदी में समा गई थी। ट्रांसपोर्ट हब भी नदी में समाते जा रहा है।

# बियरशिबा विद्यालय में प्रदर्शनी में प्राथमिक स्तर पर प्रत्यक्षा का मॉडल रहा प्रथम



अल्मोड़ा। बियरशिबा विद्यालय में विज्ञान, वाणिज्य, चित्रकला प्रदर्शनी एवं विभाजन विभीषिका स्मृति प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न मॉडल एवं चित्रकारी प्रदर्शित की गई, इसके साथ ही विभाजन विभीषिका स्मृति प्रदर्शनी लगाई गयी, जिन्हें अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहा एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर राधा बोरा एवं माग्रेट मनी निर्णायक की भूमिका में रहे। प्राथमिक स्तर पर प्रत्यक्षा मल्होत्रा, जूनियर स्तर पर सिद्दांत रावत सेकेन्डरी स्तर पर निमिष जोशी तथा सीनियर सेकेन्डरी स्तर पर लक्षिता, भूमिका, गरिमा एवं दीक्षा के मॉडल प्रथम स्थान पर रहे।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीमा थापा, कॉर्डिनेटर दीपिका विल्सन एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक निरूपमा भट्ट तलवार, सचिव तिलक राज तलवार एवं अध्यक्ष निरूपेन्द्र तलवार तथा समस्त विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया



चम्पावत। लोहाघाट में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत तमाम स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। रविवार को चामी में ब्लॉक प्रमुख विनीता फत्र्याल ने स्वतंत्रा सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया। इस दौरान सेनानी गणेश सिंह की बहू चनी देवी, शहीद जोध सिंह बिष्ट की पत्नी गंगा देवी, शहीद श्याम सिंह बिष्ट की पत्नी निर्मला देवी को शॉल ओढाया। कार्यक्रम में बीडीओ खजान जोशी, ज्येष्ठ उप प्रमुख नंदाबल्लभ बगौली, ग्राम प्रधान प्रकाश महर मौजूद रहे। ठांठा में प्रधान मोहित पाठक की अध्यक्षता में अमृत महोत्सव हुआ। कोलीढेक में बीडीओ अशोक सिंह अधिकारी व प्रधान सबरजान के नेतृत्व में गंगा सिंह ढेक के भतीजे गिरीश ढेक को सम्मानित किया।

## उदीयमान खिलाड़ी के लिए ट्रायल हुआ

चम्पावत। सीएम उदीयमान खिलाड़ी योजना के तहत जिला स्तरीय ट्रायल हुआ। आठ से 15 आयु वर्ष में बालकों की चयन प्रक्रिया हुई। चयनित खिलाड़ियों को 1500 रुपया प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। रविवार को गोरलचौड़ मैदान में बालक वर्ग के ट्रायल हुए। जिला क्रीड़ा अधिकारी बीसी पंत ने बताया कि बालक और बालिका वर्ग में 25–25 खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। बताया कि 14 अगस्त को बालिका वर्ग के ट्रायल होंगे।

# सितारगंज में स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर। पुलिस ने 12.20 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।सिडकुल चौकी इंचार्ज चंदन सिंह बिष्ट, शक्तिफार्म चौकी इंचार्ज जगदीश तिवारी, सुनील चौहान, कपिल कुमार, कुंदन सिंह ने शनिवार देर रात कल्याणपुर पुरानी पुलिस चौकी के पास संदिग्ध दिख रहे दो युवकों से पूछताछ की।

दोनों ने अपने नाम नन्दलाल यादव व अमित रस्तोगी निवासी पूर्वी उकरौली बताए। पुलिस ने जैसे ही पूछताछ शुरू की तो दोनों भागने लगे। पुलिस ने दोनों को पकड़कर तलाशी तो नन्दलाल के पास से 5.25 ग्राम और अमित के पास से 6.95 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उनके पास 20–20 सफेद कागज़ की पुड़िया बरामद हुईं।

# गुलदार ने किया मजदूर पर हमला, बमुश्किल बचा



अल्मोड़ा। नगर से लगे ब्राइट इन कॉर्नर के पास रविवार सुबह घात लगाए गुलदार ने मजदूर पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूर को मेडिकल कॉलेज बेस में भर्ती कराया गया है, जहां उसके सिर में 25 टांके लगाए गए हैं। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। गांवों के बाद अब गुलदार की धमक जिला मुख्यालय के नगर क्षेत्र में भी सुनाई देने लगी है। आए दिन गुलदार नगर की गलियों में घूमता दिखाई दे रहा है। ब्राइड इन कॉर्नर के पास रामकृष्ण कुटीर आश्रम में इन दिनों भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। इस दौरान वहां कई श्रमिक भवन निर्माण के कार्य में जुटे हुए हैं। रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे नगर के नियाजगंज निवासी मजदूर सुरेंद्र सिंह (44) काम के लिए यहां पहुंचे। सुरेंद्र ने सहयोगी को सामान लाने के लिए कमरे में भेजा। सहयोगी जैसे ही अंदर गया तो उसे कुछ आवाज सुनाई दी। हलचल की तो अंदर गुलदार था। मजदूर गुलदार को देख बाहर निकल आया। शोर सुनकर गुलदार भी कमरे से बाहर आ गया और आंगन में खड़े सुरेंद्र पर हमला बोल दिया। गुलदार ने सुरेंद्र के सिर में दांत और पंजे गड़ा दिए। इसी बीच साथी मजदूरों ने शोर मचाया तो गुलदार सुरेंद्र को छोड़कर भाग गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आनन–फानन घायल सुरेंद्र को बेस अस्पताल पहुंचाया गया। उसके सिर, गर्दन में गुलदार के हमले से गहरे घाव बने हैं। उसके सिर में 25 टांके आए हैं। फिलहाल वह खतरे से बाहर है।

लोगों ने की गुलदार को पकड़ने की मांग : खत्याड़ी व इसके आसपास के लोग लम्बे समय से गुलदार के आतंक की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने कभी उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही कभी किसी की जान के लिए भारी पड़ सकती है। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है। वहीं, गुलदार के हमले के बाद नगर में दहशत का माहौल है।नगर के इन इलाकों में गुलदार का आतंकः नगर से सटे खत्याड़ी, सरकार की आली, थपलिया, पहल, तलाड़, लोधिया, माल, सरसों, फलसीमा, नरसिंहबाड़ी, गोलनाकरड़िया समेत कई अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गुलदार का आतंक बना हुआ है। कई स्थानों पर एक से ज्यादा गुलदार दिखाई दे रहे हैं। इससे लोगों में दहशत बनी हुई है।

गुलदार के हमले से मजदूर के घायल होने की सूचना मिली है। सूचना पर वन विभाग की टीम को मौके पर भेज दिया गया था।

## युवाओं को सेना में भर्ती होकर देशसेवा के लिए प्रेरित किया

नैनीताल। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 79 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी की ओर से भर्ती प्रक्रिया की गई। जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज से एनसीसी के लिए 64 कैडेटों का चयन किया गया। एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसबी मलागी के नेतृत्व में एनसीसी में भर्ती के लिए शारीरिक एवं मानसिक दक्षता, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमें 64 कैडेटों का चयन किया गया। कर्नल मालगी ने कैडेट से सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने के प्रेरित किया। एसो. एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. डीएन जोशी ने छात्र–छात्राओं को एनसीसी के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को बताया और भविष्य में इसके लाभों की चर्चा की।

# सीओ ने किया दन्या व जागेश्वर चौकी का निरीक्षण



अल्मोड़ा। सीओ सदर विमल प्रसाद ने रविवार को जागेश्वर और दन्या थाने का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में थाना परिसर, कर्मचारी बैरिक, भोजनालय, थाना, सीसीटीएनएसकार्यालय, मालखाना, माल मुकदमाती व लंबित वाहनों आदि का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई व रख–रखाव सही रखने के निर्देश दिये गये। कर्मचारी सम्मेलन में पुलिस व होमगार्ड कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर समाधान किया गया और बेहतर पुलिसिंग के निर्देश दिये।

# धौलछीना पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया



अल्मोड़ा। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत रविवार को धौलछीना थाना पुलिस ने बाजार में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने और अभियान को सफल बनाने की शपथ ली गई। विकासखंड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों से मुलाकात की, तथा अभियान की बधाई देकर कुशलक्षेम पूछी।

इस दौरान थाना अध्यक्ष सुशील कुमार ने अपने समस्त कर्मचारियों को अमृत काल के पंच प्रण की शपथ दिलाई एवं थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष सुशील कुमार, एसआई प्रकाश चंद्र, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र नेगी, हेड कांस्टेबल धनीराम, हेड कांस्टेबल कुंदन लाल, हेड कांस्टेबल मुन्नी देवी, सुरेश गिरी, सुनील दत्त, गोकुल सिंह आज लोग मौजूद रहे।

## भूमि बचाओ आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देगी महिला शक्ति

काशीपुर। भूमि बचाओ आंदोलन में आंदोलनकारियों के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न क्षेत्रों से किसान जत्थे पहुंचे। रुद्रपुर के विभिन्न मजदूर संगठनों के साथ ही बड़ी संख्या में महिला शक्ति भी समर्थन करने के लिए आंदोलन स्थल पर पहुंची। रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला शक्ति ने आंदोलन स्थल पर रखे गए थाती कलशों का पूजन किया। कलशों को रक्षा सूत्र बांधकर अपने गांव और भूमि की रक्षा करने का संकल्प लेते हुए कहा कि आंदोलन में गांव के युवाओं व बुजुर्गों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ीं हैं। आंदोलन में पहुंचे तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संयुक्त किसान मोर्चा के नेता तेजेंदर सिंह विर्क ने कहा कि तराई के किसान अपने अधिकारों के लिए सरकार के साथ लंबी लड़ाई लड़ने का मन बना चुके हैं। यदि सरकार समय रहते नहीं झुकी, तो फिर ये आंदोलन कितना बड़ा होगा इसका अंदाजा अभी सरकार को नहीं है। अखिल भारतीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान ने कहा कि उत्तराखंड के किसानों, मजदूरों, व्यापारियों की लड़ाई में उत्तर प्रदेश की किसान व मजदूर शक्ति भी पूरी तरह से साथ है तथा भूमि बचाओ आंदोलन को हर संभव सहयोग करेगी। आंदोलन को रुद्रपुर काशीपुर बस ऑपरेटर्स यूनियन, सितारगंज से पहुंचे किसानों के जत्थे व रुद्रपुर से मजदूर जत्थे सहित महुआखेड़ागंज से बहुजन समाज पार्टी व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी समर्थन दिया। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने समर्थन देने वाले सभी संगठनों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान रजनीत सिंह सोनू ने तथा संचालन सन्नी निज्कर व विक्रम सिंह ने किया।

# ग्राम पंचायत खत्याड़ी में शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया



अल्मोड़ा। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ग्राम पंचायत खत्याड़ी में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहीद स्व. खीम सिंह कनवाल, स्व. मेजर मनोज भंडारी और गुमान सिंह कनवाल के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ पंच प्रण की सभी को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रधान राधा देवी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हवालबाग आनंद कनवाल, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, पुष्कर सिंह, प्रताप सिंह, मनोज आर्या, रमेश सिंह, किशन कनवाल, खष्टी देवी, नंदी देवी, मंजू भंडारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# भ्रातृ मिलन समारोह से बढ़ेगा भाई चारा और सौहार्द

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र सिंह राणा ने ग्राम जसपुर में ग्रामवासी एवं प्रवासी भ्रातृ मिलन समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने प्रमुख के समक्ष अपनी समस्यांए रखी जिन्हें उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने का आश्वासन दिया। प्रमुख ने कहा कि ग्राम वासियों एवं प्रवासियों द्वारा यह एक सार्थक प्रयास है। इससे हमारे बीच में भाई चारा और आपसी सौहार्द बढ़ता है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए।



: ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र राणा को मांग पत्र सौंपते हुए ग्रामीण।

जसपुर पहुचने पर ग्राम वासियों, प्रवासियों ने प्रमुख का ढोल दमु एवं फूल मालाओं से स्वागत किया। प्रमुख द्वारीखाल की अपने क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में हमेशा रूचि रहती है जहां से भी उन्हें कार्यक्रम का आमंत्रण मिलता है ऐसे कार्यक्रमों में वे हमेशा जनता के बीच रहते है। आजकल गांव में देश प्रदेश के लोग इस मिलन कार्यक्रम मे शिरकत कर रहे हैं। जिससे गांव की रौनक देखते ही बनती है। इस मौके पर अध्यक्ष सोहन लाल जखमोला, संचालक विवेकानन्द बहुगुणा, ग्राम प्रधान रूपचन्द जखमोला, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप कुकरेती, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन सिंह, पूर्व सैनिक संजीव जुयाल, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेन्द्र बिष्ट, जसपुर विकास समिति के सदस्य हेमचन्द कुकरेती, चन्द्रमोहन जखमोला, मोहनलाल जखमोला, भाजपा मण्डल अध्यक्ष द्वारीखाल सुखपाल नेगी, वन सरपंच सरवीन, उप प्रधान प्यारे लाल, पूर्व प्रधान भूपेन्द्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने बीस लोगों को बांटे छाते

श्रीनगर गढ़वाल : अलकनंदा वैली रोटरी क्लब ने प्रोजेक्ट छाया के तहत सड़क किनारे फल, सब्जी, जूस आदि बेचने वाले 20 जरूरतमंद लोगों को धूप व बारिश से बचने के लिए उनके व्यवसाय स्थल पर जाकर बड़े छाते वितरित किए। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी का वरिष्ठ रोटेरियन प्रेम बल्लभ नैथानी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रभारी निरीक्षक सैनी ने अलकनंदा वैली रोटरी क्लब के कार्यों की सराहना कर हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल, गजपाल सिंह नेगी, धनराज सिंह बुटोला, अर्जुन सिंह गोसांई, मेहरबान सिंह रावत, जेएस कंडारी, पूनम जोशी, डॉ. सुनील बिज्लवाण आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# प्रवेश में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नेशनल टेस्टिंग ऐजंसी (एनटीए) के माध्यम से हुई सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में उत्तराखंड के छात्रों को हो रही पेशानियों को लेकर आर्यन छात्र संगठन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए अब सीयूईटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिससे छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से गढ़वाल विवि में उत्तराखंड के छात्रों को प्रवेश में 50 प्रतिशत आरक्षण दिलाए जाने की पैरवी करने की मांग की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भी भेजा।

गढवाल विवि के पूर्व महासचिव देवकांत देवराड़ी और प्रदीप सिंह रावत ने कहा कि पहाड़ की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए उत्तराखंड में 1973 में गढ़वाल विवि की स्थापना हुई थी। वर्ष 2009 में गढ़वाल विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा मिला था। जिसकी मूल भावना पहाड़ के छात्र-छात्राओं को कम खर्च और केंद्रीय विवि जैसी सुविधाएं प्रदान करना था। लेकिन वर्तमान में सीयूईटी प्रवेश परीक्षा होने से छात्रों को यहां प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। साथ ही सीयूईटी प्रवेश परीक्षा कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा होने के चलते पहाड़ के छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा केंद्र मीलों दूर होने से भी पहाड़ के छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं। (एजेंसी)

## छात्र मेरिट सूची में स्थान लाने के लिए करें प्रयास

श्रीनगर गढ़वाल : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्रीकोट गंगानाली में छात्र-छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए अभिभावकों के साथ चर्चा बैठक आहुत की गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय में हो रहे अध्यापन कार्य के साथ ही अभिभावकों से घर पर बोर्ड एवं गृह परीक्षार्थियों के अध्ययन के समय को बढ़ाने का अनुरोध किया। साथ ही बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान लाने के प्रयास एवं संस्कार पक्ष को और मजबूत किए जाने पर जोर दिया गया।इस मौके पर अभिभावकों द्वारा दिए गए सुझाव पर शिक्षण को और प्रभावी बनाने एवं छात्रों की विभिन्न गतिविधियों से क्रियात्मक जिज्ञासा उत्पन्न कराए जाने के लिए विद्यालय स्तर पर और प्रयास किए जाने का विश्वास दिलाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट ने समस्त अभिभावकों को विश्वास दिलाया गया कि अभिभावक जिस अपेक्षा को विद्यालय से रखते हैं ।

# कार्यशाला में परंपरागत ज्ञान की महत्ता बताई

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के पर्यावरणीय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं शोध समन्वयक प्रो. आरके मैखुरी ने आईसीआईएमओडी मुख्यालय, काठमांडू, नेपाल में दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला में समुदाय आधारित परंपरागत अनुकूलन विधियों पर किए गए अध्ययन पर प्रस्तुतीकरण दिया। जिसमें उन्होंने शोध परियोजना के तहत भारत में हो रहे शोध कार्यों पर प्रकाश डालते हुए जलवायु परिवर्तन से निपटने में परंपरागत ज्ञान की महत्ता बताते हुए इसके व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

इस अवसर पर विभाग के अतिथि शिक्षक रविंद्र सिंह ने गढ़वाल हिमालय में परंपरागत चिकित्सा पद्धति तथा पशु-चिकित्सा में व्यापक रूप से प्रयुक्त होने वाले औषधीय पादपों के प्रति समुदाय आधारित ज्ञान पर हुए अध्ययन का प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यशाला के आयोजकों एपीएन-आईजीईएस जापान तथा एचयूसी नेपाल के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उपस्थित सभी विशेषज्ञों द्वारा विभाग द्वारा किए गए अध्ययन व शोध की सराहना करते हुए हिंदूकुश क्षेत्र के साथ वैश्विक परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता पर जोर देते हुए इसे आत्मसात किए जाने पर बल दिया गया।

## नरेश अध्यक्ष तो त्रिभुवन बनें महासचिव

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीकोट गंगानाली में व्यापार सभा की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें नरेश नौटियाल को फिर से व्यापार सभा का अध्यक्ष, त्रिभुवन राणा को महासचिव व देवानंद रतूड़ी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इस मौके पर मौजूद पूर्व व्यापार सभा अध्यक्ष हयात सिंह झिंक्वाण सहित अन्य व्यापारियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर कुलाधिपति को भेजा ज्ञापन

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में छात्रहितों से जुड़ी मांगों को लेकर एचएनबी स्टूडेंटस वॉइस ने उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर विवि के कुलाधिपति को ज्ञापन प्रेषित किया। गढ़वाल विवि के कुलाधिपति डा. योगेंद्र नारायण को ऑनलाइन माध्यम भेजे ज्ञापन में स्टूडेंट वॉइस के अध्यक्ष सौरभ चंद्र सानू ने कहा है कि गढ़वाल विवि में एनटीए के माध्यम से होने वाली सीयूईटी परीक्षा केंद्र दूर होने के चलते कई छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गये। कहा कि यदि सीयूईटी की व्यवस्था खत्म नहीं होती है तो उत्तराखंड के छात्रों को प्रवेश मिलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने उत्तराखंड के छात्रों को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिए जाने, पीजी कोर्स में 5 प्रतिशत का कैंपस वेटेज देने की मांग की गई। (एजेंसी)

# शिव महापुरण कथा श्रवण को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


: शिव महापुराण कथा के दौरान पल्लवी रावत माँ दुर्गा का अभिनय करते हुए।


एकेश्वर शिव मंदिर में शिव महापुराण कथा श्रवण को उमड़े भक्तजन।

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शिव मंदिर एकेश्वर में चल रहे शिव महापुराण कथा के सातवें दिन कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। काफी दूर-दूर से भक्तजन कथावाचक आचार्य विजय प्रकाश बडोला को सुनने के लिए पधार रहे है। इस दौरान माँ दुर्गा का अभिनय एवं नृत्य पल्लवी रावत उच्चाकोट ने किया। जिसकी उपस्थित सभी लोगों ने सराहना की। पल्लवी रावत के अभिनय एवं नत्य की व्यास पीठ से भी प्रशंसा की गई। कथा वाचक आचार्य विजय प्रकाश बडोला ने मनुष्य को एक-दूसरे के प्रति प्रेम व सम्मान के भाव को रखने की बात कही। कहा कि माता-पिता का सम्मान व गुरूओं के आदर से ही हम जीवन में बेहतर मनुष्य साबित हो सकते है। उन्होंने भक्तजनों से कहा कि एक छोटा सा जीवन है मनुष्य का उस जीवन में हम कैसे भक्ति साधना कर सकते है जीवन को भक्तिपूर्ण बना सकते है ये शिवपुराण कथा बताती है। जैसे-जैसे ईश्वर की भक्ति में डूबते जाओगे तब जीवन के आनंद की अनुभूति होगी। इस मौके पर कथा के सातवें दिन मुख्य यजमान हरि ओम शाह, श्रीमती गीता देवी, श्रीमती आशा देवी ने पूजा संपन्न कराई। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष कुलदीप जोशी, कोषाध्यक्ष हरीश बडोला, उपाध्यक्ष तेजपाल पंवार, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील रावत, पूर्व अध्यक्ष अशोक पुण्डीर, पंडित राकेश हिंदवान, विद्या प्रकाश बडोला, नरेन्द्र पसबोला, दीपक बडोला, सूरज धस्माना, सौरभ सिलमाना, अंकित बहुखण्डी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चित्रकला में अनुकृति, अंशिका, साक्षी ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस लाइन पौड़ी में रविवार को "मेरी माटी मेरा देश" के तहत वीर शहीदों की याद में बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। पुलिस परिवार के बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़चढ कर किया प्रतिभाग। प्रतियोगिता में कक्षा यूकेजी-दो में अनुकृति काला, प्रियांशी, कक्षा 3-7 में अंशिका नेगी, यशस्वी खण्डूडी, कक्षा 8-12 में साक्षी, अंशिका गौड़ ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

"मेरी माटी मेरा देश"* अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में पुलिस लाइन पौड़ी में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। "हर घर तिरंगा" एवं मेरी माटी मेरा देश" थीम पर चित्रकारी (पेंटिंग) कर बच्चों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन दिखाया। जिससे शहीदों की आदर्श विचार धाराएं आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे। इस चित्रकारी (पेटिंग) में जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया।


प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

## 50 औषधीय प्रजाति के पौधे रोपे

श्रीनगर गढ़वाल : संत निरंकारी मंडल नई दिल्ली के तत्वावधान में संत निरंकारी सेवा दल की ओर से अलकनंदा नदी तट पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान सेवा दल के सदस्यों की ओर से 50 औषधीय पौधे लगाए गए एवं नदी तट पर सफाई की गई। इस दौरान लोगों को पौधरोपण एवं नदी की सफाई के लिए जागरूक किया गया। मौके पर नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार, निरंकारी मिशन के ब्रांच संयोजक हरि लाल शाह, संचालक रजनू लाल, शिक्षक नरेंद्र सिंह नेगी, मीडिया प्रभारी पंकज सती, डा.सुधीर, ज्ञान प्रचारक के. पोखरियाल, सुरेश भगत, उर्मिला, दिव्या आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# डीएम ने लिया बगड़धार में बंद सड़क का जायजा

नई टिहरी। जनपद में निरंतर हो रही बारिश के चलते राजमार्ग 94 के बगड़धार के पास बंद होने वाले स्पाट का डीएम मयूर दीक्षित ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अधिकारियों को सावधानी व सुरक्षा के साथ राजमार्ग को जल्द से जल्द खोलने के निर्देश दिए। रविवार को डीएम दीक्षित ने राजमार्ग 94 के बंद होने वाले स्पाट बगड़धार में स्वयं पहुंचकर मौका–मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एनएच 94 पर बगड़धार के समीप हो रहे भूस्खलन को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। डीएम ने विद्युत विभाग को भूस्खलन क्षेत्रों पर स्थित विद्युत पोलों को हटाने और ज्यादा खतरा होने पर परिवारों के विस्थापन को लेकर राजस्व टीम को निरीक्षण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था के अधिकारी को निर्देश दिए गए कि कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल सड़क का सुचारु किया जाय। डीएम ने कहा कि भूस्खलन क्षेत्र में लोगों को खड़े न होने दिया जाए, जेसीबी, पोकलैंड, डोजर के संचालकों को सावधानी पूर्वक कार्य करने तथा हेल्परों को धुंध में ऊपर की साइड पर नजर रखने तथा सड़क की स्थिति को देखकर पहले ही लोगों को अवगत कराते हुए वैकल्पिक मार्गों से भेजने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देशन में क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के चलते डेंजर जोन व खतरे की जद में आने वाले सिलवण तोक के ग्राम सोनी के 4 परिवारों के सदस्यों को पूर्व में ही सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। इस मौके पर आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट सहित अन्य विभागों के आलाधिकारी मौजूद रहे।

## नई टिहरी में व्यापार बढ़ाने को व्यापारियों का मंथन

नई टिहरी। नई टिहरी के व्यापारियों की एक अहम आम बैठक सुमन पार्क में आयोजित की गई। बैठक में नई टिहरी में व्यापार बढ़ाने, पर्यटकों को नई टिहरी तक लाने की की रणनीति व नई टिहरी को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। रविवार को नई टिहरी के व्यापारियों की आयोजित बैठक में निर्णय लेते हुए तय कर बताया गया कि चंबा–कोटी सड़क मार्ग को वनवे किया जाना चाहिए, नई टिहरी में बसों व टैक्सियों को 15 से तीन मिनट तक अनिवार्य किया जाय।

# डीएनए लैब्स के साथ एमओयू साइन किया

नई टिहरी। देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल व डीएनए लैब्स (ए सेंटर फार एप्लाइड सांइसेज) देहरादून के मध्य एक समझौता हस्ताक्षर किया गया। जिससे आने वाले समय में छात्रों का शैक्षणिक माहौल सुदृढ़ करने में लाभ मिलेगा। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी ने बताया कि इस एमओयू के अन्तर्गत दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान, उत्तराखंड के छात्रों के बीच विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना, उत्तराखंड के छात्रों के बीच क्षमता निर्माण कार्यक्रम, उत्तराखंड में संस्थानों के बीच शैक्षणिक वृद्धि की दिशा में काम करना तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने इत्यादि विषयों पर संयुक्त रूप से कार्य करने पर एमओयू हस्ताक्षर हुए। डीएनए लैब्स (ए सेंटर फार एप्लाइड सांइसेज) देहरादून के उप निदेशक दिव्य प्रकाश पांडे ने इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच हुए इस समझौते पर प्रशंसा व्यक्त कर कहा कि आपसी समन्वय व जागरूकता से प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में सशस्त बनाया जा सकता है, जिसके लिए डीएनए लैब्स (ए सेंटर फार एप्लाइड सांइसेज) देहरादून व श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल द्वारा मिलकर कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप देना होगा। इस अवसर पर पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश के विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो गुलशन कुमार ढींगरा, डीएलसीएएस के वैज्ञानिक एवं प्रयोगशालाओं के प्रमुख डा नरोत्तम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत किया पौध रोपण

चमोली। भारत सरकार द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत दशोली विकासखंड के ठेली, मैड और मजोठी गांव में ग्रामीणों ने तिरंगा लेकर पौधरोपण रोपण किया ।

ग्राम प्रधान पूरन फर्स्वाण रोहित फर्स्वाण व दिगंबर ने जानकारी देते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत गांव के महिला मगंल दल, युवक दल व बुजुर्ग संघ के द्वारा 1988 में आपरेशन पवन में श्रीलंका में शहीद सैनिक सोबन और अन्य बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। कहा प्रधान कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं ठेली मैड में ग्रामीणों के द्वारा फलदार पौधे अमरूद, आंवला, आदि के पौधे रोपित किए।

इस मौके पर प्रधान रोशन चंद्र, बीडीसी सदस्य राहुल रावत, कमला देवी, दरबांन सिंह, शिव सिंह,चद्र सिह, महिला ममद अध्यक्ष कुसुम वर्त्वाल रोहित फर्स्वाण आनंदी देवी, प्रियंका, मोनिका व संगीता आदि मौजूद थे।

# राजकीय पॉलीटेक्निक नरेन्द्रनगर में होगी बीटेक और एआई की पढ़ाई

नई टिहरी। राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज नरेन्द्रनगर में जल्द बीटेक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) कोर्स की पढ़ाई शुरु होगी।

इसके बाद पॉलीटेक्निक कॉलेज राजकीय इंटीग्रेटेड इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी कॉलेज नरेन्द्रनगर के नाम से जाना जाऐगा। नरेन्द्रनगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल के प्रयासों से नरेन्द्रनगर पॉलीटेक्निक कॉलेज में शैक्षिणिक सत्र 2023–24 से बीटेक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कोर्स को संचालित करने की स्वीकृति मिली चुकी है।

जल्द ही बीटेक की 60 तथा एआई की 30 सीटों पर छात्रों के प्रवेश शुरु होंगे। संस्थान में यह स्नातक स्तर के नये पाठयक्रम होंगे, इसके लिये एआईसीटीई के मानकों के अनुरुप जल्द स्टाफ और फैकल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाऐगी। संस्थान में दो नये कोर्स शुरु होने से क्षेत्र के युवाओं को नरेन्द्रनगर में ही इन कोर्सों की पढ़ाई की सुविधा मिलेगी,युवाओं को उक्त कोर्सों के लिये बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

## सरकार को जगाने के लिए दिल्ली जैसी क्रांति करेगी भाकियू: विजय शास्त्री

रुड़की। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सरकार को जगाने के लिए 23वें दिन भी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन जारी रखा। इस बीच 24 अगस्त को होने वाली महापंचायत की सफलता के लिए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर जनसंपर्क अभियान में जुट रहे हैं। रविवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय शास्त्री के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने रुड़की और नारसन क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर महा पंचायत की सफलता के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम खेड़ाजट में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय कुमार शास्त्री में कहा कि सरकार किसानों की उपेक्षा कर रही है। जनसंपर्क अभियान के दौरान चौधरी सुप्रीम पाल सिंह, मदन फौजी, वेदपाल पवार, वीरेंद्र बालियान, देवेंद्र सिंह, शंकर सिंह आदि शामिल रहे और उन्होंने किसानों से अपने–अपने ट्रैक्टर लेकर अधिक से अधिक संख्या में 24 अगस्त को होने वाली महापंचायत में पहुंचने की अपील की।

# क्षत्रिय समाज राजऋषि भरत हरि की प्रतिमा हरकी पैड़ी पर लगाने की करेगा मांग

हरिद्वार। क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परमार ने कहा कि समाज देश के लिए बलिदान देने से पीछे नहीं हटेगा।

चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के भाई राजऋषि भरत हरि की प्रतिमा हरकीपैड़ी पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। कनखल स्थित राजपूत पंचायती धर्मशाला में क्षत्रिय महासंघ, भारत के दो दिवसीय सम्मेलन का समापन हुआ। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि क्षत्रिय समाज आन, बान, शान और भारत भूमि के लिए अपना शीश न्योछावर करने का हौसला रखता है।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बैस ने कहा क्षत्रिय समाज की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देश को जब भी जरूरत पड़ी तब अपनी माटी की आन, बान और शान की रक्षा लिए समाज ने बलिदान दिया है। समाज किसी के राजनैतिक बहकावे में आकर अपने कर्तव्यों से मुंह नहीं मोड़ेगा। समाज को एकजुट होकर चलने का प्रयास करेंगे। अनिल पुंडीर ने कहा क्षत्रिय समाज को एक बैनर तले आना होगा। तब ही अपनी पहचान, संस्कृति वापस आ सकेगी। इस दौरान कुंवर संजीव कुशवाहा, रवि राणा, मुकेश राणा, शिवम सिंह, तेज सिंह, मंगल सिंह, शुभम चौहान, आलोक सिंह पुंडीर, अनूप सिंह राणा सहित मौजूद रहे।

## गंगा घाट पर चोरी की योजना बना रहे छह दबोचे

हरिद्वार। शहर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि नए संजय पुल के पास कुछ संदिग्ध बैठे थे। आरोप है कि वह चोरी की योजना बना रहे थे। आरोपियों ने अपना नाम सागर निवासी हरिपुर कलां सूरजपुर कालोनी रायवाला, राजन वर्मा निवासी फतेहगंज फरीदपुर जिला बरेली यूपी, विक्की निवासी खड़खड़ी बताया। उधर, शिव पुल के नीचे मौजूद आदित निवासी ग्राम राजपुर थाना सबौर पटना बिहार, किशन निवासी ग्राम ढबुआ थाना ढबुआ फरीदाबाद हरियाणा, दीपक निवासी ग्राम नजराना थाना छज्लेट मुरादाबाद को पकड़ा गया। सभी के कब्जे से कटर ब्लेड बरामद हुए।

# अफिका में बंधक राकेश लाल की घर वापसी की गुहार लगाई

नई टिहरी। घनसाली की ग्राम पंचायत चकरेड़ा नैलचामी और होल्टा के ग्रामीणों ने थौलधार में महिलाओं के साथ बैठक कर साउथ अफ्रीका में बंधक बनाये गये राकेश लाल की सकुशल घर वापसी की सीएम से गुहार लगाई है। बैठक में दोनों ग्राम पंचायत की महिलाओं ने प्रस्ताव तैयार कर सीएम भेजा। रविवार को घनसाली के थौलधार में आयोजित बैठक में पवन कलस्टर नैलचामी की महिलाओं ने एक सामूहिक प्रस्ताव तैयार मुख्यमंत्री धामी को भेजा। प्रस्ताव में महिलाओं ने सीएम धामी से अनुरोध करते हुये कहा कि राकेश लाल को साउथ अफ्रिका में बंधक बनाया गया, जिसके कारण उनके परिजन बहुत परेशान हैं। बताया वहां पर राकेश लाल के जीवन को खतरा भी है। महिलाओं ने राकेश को सुरक्षित उनके घर पहुंचाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता जगतराम शाह ने कहा कि मातृशक्ति की ओर से शासन प्रशासन और सरकार से तत्काल राकेश लाल की सुरक्षित घर वापसी हेतु कार्यवाही की मांग की है। बताया जिस व्यक्ति ने राकेश को अफ्रीका में बंधक बनाया है वह भी भारत का रहने वाला है।

## सम्पादकीय

# सिटी स्मार्ट में अवरोध

अब आठ साल बाद हुए आकलन से सामने आया है कि स्मार्ट सिटी की महत्त्वाकांक्षी परियोजना अपने घोषित मकसद के मुताबिक आगे नहीं बढ़ पाई है। भारत के अधिकांश शहर आज भी विभिन्न कारणों से भारी दबाव में हैं। भारत में स्मार्ट सिटीज मिशन की शुरुआत जून 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। इस मिशन के तहत देश भर के सौ शहरों को चुना गया और बताया गया था कि वहां आधुनिक आधारभूत ढांचा विकसित करके उन्हें एक साफ–सुथरे पर्यावरण वाला नगर बनाया जाएगा। सरकार ने इसके लिए शुरुआती तौर पर 22 अरब डॉलर से ज्यादा की रकम आवंटित की थी। लेकिन अब आठ साल बाद हुए आकलन से सामने आया है कि ये महत्त्वाकांक्षी योजना अपने घोषित मकसद के मुताबिक आगे नहीं बढ़ पाई है। भारत के अधिकांश शहर आज भी बाहर से आने वाले श्रमिकों की बढ़ती संख्या के कारण भारी दबाव में हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो उनमें दावा किया गया है कि तय परियोजनाओं में से करीब 73 फीसदी पूरी हो चुकी हैं। लेकिन एक गैर–सरकारी संस्था सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि परियोजनाएं देर से चल रही हैं। इनके बीच कुछ शहरों का रिकॉर्ड तो अच्छा है, लेकिन अन्य शहरों का प्रदर्शन खराब रहा है। यह विषमता की झलक इन परियोजनाओं के लिए दिए गए धन के उपयोग में भी देखी जा सकती है। यहां ये बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि आरंभ में स्मार्ट सिटी मिशन को 2020 तक पूरा कर लेने की उम्मीद जताई गई थी। ये बात सही है कि 2020 से कोरोना महामारी का कहर टूट पड़ा। इसे देखते हुए परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य 2023 तक बढ़ा दिया गया। अब कई शहरों में इस समयसीमा को एक बार फिर से बढ़ाकर इसे जून 2024 तक खिसका दिया है। इस बीच मुंबई सहित कई शहरों ने राजनीतिक असहमति के कारण परियोजना से बाहर निकलने का फैसला भी कर लिया। बेशक परियोजना का मकसद अच्छा था। भारतीय शहर एक तरह की अराजकता के शिकार हैं, जिन्हें नियोजित करने की बेहद जरूरत है। शहरों के बुनियादी ढांचे को जलवायु के अनुकूल और टिकाऊ बनाना, किफायती आवास मुहैया कराना, पर्याप्त बिजली–पानी और प्रभावी कचरा प्रबंधन जैसी सुविधाएं प्रदान करना– ऐसे लक्ष्य हैं, जिन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। मगर असल सवाल अमल का है, जिसमें बात कहीं पिछड़ गई है।

# बिहार में भाजपा के लिए पूरा मैदान

**बिहार में लालू प्रसाद की मंडल राजनीति को चुनौती देने के लिए भाजपा ने नीतीश कुमार को कंधे पर उठाया था। समता पार्टी के समय बना समीकरण दोनों के लिए फायदे वाला था इसलिए वह समीकरण चलता रहा। अब भाजपा खुद वह राजनीति करने की स्थिति में है। नीतीश कुमार के कमजोर होने और राजद की ताकत बढ़ने से भाजपा के लिए मौका बना है। खुद भाजपा ने भी कई राजनीतिक प्रयोग किए। सवर्ण, वैश्य और यादव नेतृत्व को आजमाने के बाद अंत में भाजपा वहां पहुंची, जहां से नीतीश कुमार ने शुरुआत की थी। नीतीश ने शकुनी चौधरी के साथ मिल कर समता पार्टी का गठन किया था और लव–कुश का समीकरण बनाया था। लव यानी कुर्मी का प्रतिनिधि नीतीश कुमार करते थे और कुश यानी कोईरी का प्रतिनिधित्व शकुनी चौधरी करते थे। अब भाजपा ने शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है।**

**अजीत द्विवेदी**

बिहार में पिछले महीने भारतीय जनता पार्टी की एक रैली में उसके नेताओं, कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने जिस बर्बर अंदाज में लाठियां चलाईं और उसके सांसदों–विधायकों को पीटा वह बिहार की राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत का प्रस्थान बिंदु हो सकता है। असल में बिहार एक ऐतिहासिक राजनीतिक बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। भारतीय जनता पार्टी के सामने बिहार की राजनीति की केंद्रीय ताकत बनने का वास्तविक अवसर है। एक बार पहले भी 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद यह अवसर आया था लेकिन उस समय भाजपा इस अवसर का लाभ उठाने की स्थिति में नहीं थी। यह भी कह सकते हैं कि वह लोकसभा चुनाव में मिली भारी भरकम जीत के बाद अति आत्मविश्वास में थी इसलिए 2015 के विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की ओर से बनाए गए मंडल की राजनीति के नैरेटिव को बहुत हलके में लिया था। भाजपा नेता इस मुगालते में रहे कि नरेंद्र मोदी खुद पिछड़ी जाति के नेता हैं और उनका अखिल भारतीय करिश्मा ऐसा है कि उनके सामने लालू और नीतीश की पारंपरिक मंडल राजनीति नहीं टिकेगी। तभी चुनाव नतीजा भाजपा के लिए सदमे की तरह था और यही वजह रही कि पहला मौका मिलते ही वह फिर से नीतीश की शरण में पहुंच गई।

लेकिन इस बार भाजपा सावधान है और अपने दांव–पेंच आजमाने को तैयार है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद उसने बहुत बारीकी से नीतीश कुमार को कमजोर करने की राजनीति की। चिराग पासवान का एनडीए से अलग होना और 2020 के विधानसभा चुनाव में सिर्फ जदयू के खिलाफ उम्मीदवार उतारना इसी राजनीति का हिस्सा था। इस राजनीति ने नीतीश कुमार की पार्टी को न सिर्फ तीसरे नंबर की पार्टी बनाया, बल्कि तीसरे दर्जे की पार्टी भी बना दिया। उनका अपना वोट आधार बहुत कम हो गया और राष्ट्रीय जनता दल लगातार दूसरी बार प्रदेश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के तौर पर उभरी। इसके बाद सब कुछ लिखित पटकथा की तरह हुआ। नीतीश कुमार मंडल की राजनीति को बचाने और अपनी पार्टी के अस्तित्व की रक्षा के लिए राजद के साथ चले गए। उन्होंने लालू प्रसाद के साथ मिल कर सात पार्टियों का एक गठबंधन बनाया। जदयू और राजद के नेता इसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि मानते रहे लेकिन असलियत यह है कि उनकी इस राजनीति ने बिहार में विपक्ष का पूरा स्पेस भाजपा को सौंप दिया। अभी इकलौता विपक्ष भाजपा है और पूरा मैदान उसका है।इससे पहले नवंबर 2015 से जुलाई 2017 तक यानी डेढ़ साल तक भाजपा इकलौते विपक्ष के तौर पर थी लेकिन तब वह विपक्ष की राजनीति करने की बजाय इस इंतजार में थी कि नीतीश कुमार कब वापसी करेंगे और भाजपा कब सत्ता में लौटेगी। वह विपक्ष के तौर पर




काम करने की बजाय सत्ता में लौटने का इंतजार कर रही थी। इस बार तस्वीर अलग है। इस बार भाजपा ने अपने को मजबूत विपक्ष के लिए तैयार किया है। कुछ भाजपा की तैयारियों और कुछ भाजपा विरोधी पार्टियों की राजनीति ने ऐसा अवसर बनाया है, जिसका इस्तेमाल करके वह प्रदेश की केंद्रीय राजनीतिक ताकत बन सकती है। इतिहास में भाजपा के सामने ऐसा अवसर पहले कभी नहीं आया। वह कभी भी बिहार की मजबूत पार्टी नहीं रही है। एकीकृत बिहार में उसकी ताकत दक्षिण बिहार में थी, जो क्षेत्र बाद में झारखंड बना और जहां आज भी भाजपा एक बड़ी ताकत है। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने भी जैसा आधार दक्षिण बिहार यानी आज के झारखंड में बनाया था वैसा बिहार में नहीं बन सका था।

तभी बिहार में लालू प्रसाद की मंडल राजनीति को चुनौती देने के लिए भाजपा ने नीतीश कुमार को कंधे पर उठाया था। समता पार्टी के समय बना समीकरण दोनों के लिए फायदे वाला था इसलिए वह समीकरण चलता रहा। अब भाजपा खुद वह राजनीति करने की स्थिति में है। नीतीश कुमार के कमजोर होने और राजद की ताकत बढ़ने से भाजपा के लिए मौका बना है। खुद भाजपा ने भी कई राजनीतिक प्रयोग किए। सवर्ण, वैश्य और यादव नेतृत्व को आजमाने के बाद अंत में भाजपा वहां पहुंची, जहां से नीतीश कुमार ने शुरुआत की थी। नीतीश ने शकुनी चौधरी के साथ मिल कर समता पार्टी का गठन किया था और लव–कुश का समीकरण बनाया था। लव यानी कुर्मी का प्रतिनिधि नीतीश कुमार करते थे और कुश यानी कोईरी का प्रतिनिधित्व शकुनी चौधरी करते थे। अब भाजपा ने शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। यह समय का पहिया 360 डिग्री पर घूमने जैसा है। याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव में जब नीतीश अकेले लड़े थे तब उनको 16 फीसदी वोट मिला था। उसमें बड़ा हिस्सा उनके लव–कुश समीकरण का था और बाकी अतिपिछड़ी जातियों का वोट था, जो उनको मिला। अब उनके लव–कुश के कोर वोट में भाजपा ने सेंध लगाई है। दूसरे, लालू प्रसाद की पार्टी के मजबूत होने से अति पिछड़ी और महादलित जातियां, नए आसरे की तलाश में हैं क्योंकि उनको दिख रहा है कि अब नीतीश महागठबंधन में रहते हुए उनके हितों की रक्षा करने में सक्षम नहीं हैं। वे उनको सत्ता में हिस्सेदारी भी नहीं दिला सकते हैं।

सो, एक तरफ भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग की राजनीति है, जिसमें गैर–यादव और गैर–कुर्मी पिछड़ी जातियों के लिए जगह बनी है और दूसरे राजद, जदयू, कांग्रेस और सभी लेफ्ट पार्टियों के एक साथ हो जाने से विपक्ष का पूरा स्पेस भाजपा को मिल गया है। पहले किसी की सरकार होती थी तो कम्युनिस्ट पार्टियां प्रदर्शन करती थीं अब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा है। जिसको भी सरकार से नाराजगी है उसके पास भाजपा के साथ जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। गैर यादव और गैर कुर्मी राजनीति करने वाली पार्टियों में मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी है और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक जनता दल है। ये दोनों पार्टियां भी भाजपा के साथ हैं या आ जाएंगी। महादलित राजनीति करने वाले जीतन राम मांझी भी भाजपा के साथ जुड़ गए हैं। और तमाम छिटपुट संकेतों के बावजूद सवर्ण बुनियादी रूप से भाजपा के साथ हैं हीं। सो, जो भाजपा कभी बिहार में हाशिए की पार्टी होती थी और जिसे हमेशा बैसाखी की जरूरत होती थी वह अपने दम पर एक बड़ा राजनीतिक व सामाजिक समीकरण बना कर लड़ने की स्थिति में है।

उसके मुकाबले महागठबंधन का जो समीकरण दिखाया जा रहा है वह एक बुलबुला है, जिसकी हकीकत अधिकतम 40 फीसदी वोट की है। भाजपा के रास्ते में एक बाधा नीतीश कुमार थे, उनके कमजोर होने से वह बाधा दूर हो गई है। महागठबंधन के नेता अब भी 2015 के चुनाव नतीजे की माला जपते हैं। लेकिन तब से गंगा में बहुत पानी बह चुका है। भाजपा अकेले वैकल्पिक राजनीतिक ताकत के तौर पर उभर चुकी है। और यह हकीकत है कि वर्जिन टेरेटरी यानी ऐसी जगह, जहां भाजपा कभी सत्ता में नहीं आई है वहां उसके लिए सबसे उर्वर जमीन होती है। वहां लोगों के में उत्सुकता रहती है कि वे भाजपा को आजमाएं। पिछले 33 साल से लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की सत्ता देख रहे लोगों में अगर भाजपा को आजमाने की चाहना हो तो कोई बड़ी बात नहीं होगी। जातीय जनगणना और आरक्षण की राजनीति जदयू व राजद का आखिरी दांव है, जिसे आजमाया जा रहा है। अगर यह दांव चला तो हो सकता है कि भाजपा को अपनी सरकार बनाने के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा बहुत मजबूती से लड़ेगी।

# लोग किचन तो साफ करते हैं, मगर रसोई में मौजूद इन 7 गंदी चीजों की सफाई पर नहीं देते ध्यान

ज्यादातर लोग अपनी रसोई को साफ रखना पसंद करते हैं. कुछ लोग दिन में दो बार तो कुछ लोग दिन में एक बार रसोई साफ करते हैं. कुछ ऐसे भी लोग हैं जो हफ्ते में बस एक दिन रसोई साफ करते हैं. ऐसा देखा जाता है कि लोग किचन तो साफ कर देते हैं, लेकिन उसमें रखी चीजों की सफाई पर ध्यान देना भूल जाते हैं या उनपर ध्यान देना जरूरी नहीं समझते. रसोई में मौजूद कुछ चीजें आपको भले ही साफ दिखाई देती हों, लेकिन इनपर इतने बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जिनसे शरीर में कई बीमारियां लग सकती हैं. आइए जानते हैं कि किचन की ऐसी कौन–कौन सी चीजें हैं, जिनकी सफाई पर लोग अक्सर ध्यान नहीं देते.

किचन की इन चीजों को भी रखें साफ 1. दरवाजे का हैंडल और इलेक्ट्रिक स्विचः बहुत से लोग यह नहीं जानते कि बैक्टीरिया किचन के दरवाजे के हैंडल और इलेक्ट्रिक स्विच से भी आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं. इसलिए आप जब कभी किचन साफ करें तो इन दो चीजों को साफ करना कभी न भूलें.

2. डिशक्लॉथः गीले बर्तनों को पोंछने और किचन को साफ करने के लिए आप जिस कपड़े का इस्तेमाल करते हैं. उस कपड़े की सफाई पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है. कई लोग एक ही कपड़े से कई दिनों तक किचन की सफाई करते रहते हैं और उसे धोने की जरूरत नहीं समझते. जबकि ऐसा करने से आपको बचना चाहिए. कोशिश करें कि हर रोज आप किचन क्लॉथ को धोएं.

3. स्पंजः बर्तन धोने के लिए आप जिस स्पंज का इस्तेमाल करते हैं, उसको साफ रखना भी जरूरी है. बहुत से लोग सोचते हैं कि बर्तन धोते वक्त उसपर साबुन लगता है तो वह खुद–ब–खुद धुल ही जाता होगा. लेकिन ऐसा नहीं है. गंदे बर्तनों को मांजने के बाद स्पंज गंदा हो जाता है. यही वजह है कि इसे अलग से धोना बहुत जरूरी है. अगर आप स्पंज को गंदा ही छोड़ देंगे तो बर्तनों पर ई. कोलाई जैसे खतरनाक बैक्टीरिया जमावड़ा लगा सकते हैं.

4. चॉपिंग बोर्डः सब्जियां काटने के लिए आप जिस चॉपिंग बोर्ड का इस्तेमाल करते हैं, उस चॉपिंग बोर्ड को साफ करते रहना जरूरी है. लकड़ी के चॉपिंग बोर्ड पर बड़ी संख्या में बैक्टीरिया हो सकते हैं. यही वजह है कि किचन की सफाई के दौरान चॉपिंग बोर्ड को बैक्टीरिया मुक्त करना न भूलें.

5. फ्रिजः रसोई की सफाई में फ्रिज की सफाई भी शामिल है. क्योंकि फ्रिज में फल–सब्जियों से लेकर खाना तक सब स्टोर किया जाता है. हफ्ते में एक बार या दो बार फ्रिज की सफाई जरूर करें.

6. कचरे का डिब्बाः किचन का वेस्ट आप जिस कचरे के डिब्बे में डालते हैं, उस कचरे के डिब्बे को भी वक्त–वक्त पर साफ करें. क्योंकि कचरे के डिब्बे में कई खतरनाक बैक्टीरिया की मौजूदगी पाई जाती है, जिसके संपर्क में आने से घर के लोग बीमार पड़ सकते हैं. 7. सिंकः किचन के सिंक को भी हर रोज दो बार धुलना चाहिए. एक बार सुबह के वक्त और एक बार रात के वक्त. बर्तनों को मांजने से पहले सिंक को धोएं, तब उसमें बर्तनों को साबुन लगाकर रखें.

# विश्वासप्रगट या बौखलाहट ?

**हरिशंकर व्यास**

लोकसभा में नरेंद्र मोदी का भाषण शुरूआत में अपने आप पर, अपनी उपलब्धियों और जनता के विश्वास का हवाला देने वाला था। उन्होने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को भगवान का आशीर्वाद बताया।देश की जनता को अखंड विश्वासी बताया। मतलब यह कि मेरा विश्वास जनता पर और जनता का विश्वास मेरे पर! और इसे मानने में हर्ज नहीं है। जनता का मूड और खासकर हिंदीभाषी प्रदेशों में लोगों का मूड ऐसा ही है। हिंदीभाषी हिंदुओंऔर देश के कोई 38 प्रतिशत मतदाताओं की मोदी के प्रति अंधभक्ति है। तभी सवाल है कि उन्हे सवा दो घंटे के अपने भाषण में विपक्ष और कांग्रेस के इतने क्रियाकर्म की क्या जरूरत थी? नरेंद्र मोदी ने कोई 45 बार कांग्रेस का जिक्रकिया। कांग्रेस और कांग्रेस के खानदान की हर तरह से ऐसी तैसी की।

सोचे, जब विपक्ष जर्जर है। खुद मोदी यूपीए का बेगलूरू में अंतिम संस्कार हुआ बता रहे है। उसे खंडहर बता रहे है। सत्ता पक्ष चौके–छक्के मारते हुए है जबकि विपक्ष नो बॉल करता हुआ। विपक्षियों को बहीखाता बिगड़ा हुआ है। वे शुतुरमुर्गी है। विपक्ष के काले कपड़ों से मोदी का मंगल है। विपक्ष जो चाहेंगा उससे उलटा मेरा भला होगा, हमारा कल्याण होगा का उनका अनुभव है। तो अपने पर ईश्वर के इस वरदान (विपक्ष) पर नरेंद्र मोदी को वह सब क्यों बोलना था जिससे उनकी जुबान गंदी हुई। उनका भाषण सडक़ छाप हुआ?

राहुल गांधी या विपक्ष कुछ भी बोले, यदि इससे उनका (मोदी का) भाग्योदय था और वरदान है तो नरेंद्र मोदी को वैसा ही नहीं बोलना था जैसे बतौर प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने या इंदिरा गांधी ने अपने खिलाफ रखे गए अविश्वास प्रस्तावों पर बोला?

हां, याद करें, सन् 2014 या 2019 के संसद में बतौर प्रधानमंत्री के खुद नरेंद्र मोदी के शुरूआती तथा अविश्वास प्रस्ताव के भाषण को। सन् 2019 में भी नरेंद्र मोदी का कांग्रेस पर हमला था। पर इस अंदाज में कि



ये मेरे खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए हुए है जबकि खुद बिना आत्म विश्वास के है। ये कैसे देश की रक्षा करेंगे। गांधी परिवार का इतिहास सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, चरणसिंह, मोरारजी आदि सभी के साथ धोखे का रहा है। तब राफेल का मामला था और राहुल गांधी भाषण के बाद मोदी के पास जा कर उनके गले लगे थे।

ठिक पांच वर्ष बाद राहुल गांधी ने क्या बोला? नरेंद्र मोदी ने सवा दो घंटे क्या कहा? कुछ मामलों में भाषण के एक ही पैटर्न के बावजूद नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों की विपक्ष और खासकर कांग्रेस व इंडिया एलायंस से बनी घनघोर–जानी चिढ़ कई जुमलों से जाहिर हुई है। चेहरे से भी झलकी।

दरअसल, मणिपुर मसले पर विपक्ष ने एकजुटता से नरेंद्र मोदी के मौन को मुद्दा बनाया।इससे मोदी–अमित शाह दोनों में झुंझलाहट बनी। विपक्ष में किसी ने बतौर गृह मंत्री अमित शाह पर ठीकरा नहीं फोड़ा। कोई नहीं बोला कि बतौर गृहमंत्री वे दोषी है और इस्तीफा दे। तभी अमित शाह को गिला यह था कि विपक्ष उन्हे सुनने को तैयार नहीं। अमित शाह ने अपने भाषण में बाकायदा कहा कि विपक्ष मणिपुर जैसे मुद्दे पर गृह मंत्री को सुनना नहीं चाहता। आप (गृह मंत्री) मुझे चुप नहीं कर सकते हैं।

जाहिर है विपक्ष ने पहले दिन से मणिपुर पर नरेंद्र मोदी के बोलने का मांग पकड़ी हुई थी।जब अमित शाह ने संसद में अपना भाषण दिया तो मामूली बात नहीं जो कांग्रेस के अधिरंजन चौधरी ने कहा कि हमें डीएम को सुनना है कोतवाल को नहीं!

तभी नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और विपक्ष को घमंडिया कहा तथा इंडिया एलायंस पर बरसे। इसके पीछे नवंबर बाद की उन घटनाओं का भी योगदान है जो मोदी राज के लिए अप्रत्याशित है।

घटनाएं क्योंकि अब नरेंद्र मोदी के कैलेंडर व रणनीति माफिक नहीं हो रही है तो नित नई परेशानी है।सोचे, अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के तालमेल में राज्यसभा में जब डा मनमोहन सिंह पहुंचे तो कितने परेशान हुए होंगे। कर्नाटक में बुरी हार हुई और राहुल गांधी जेल की बजाय लोकसभा लौट आए तो बौखलाना स्वभाविक।तभी नरेंद्र मोदी ससंद में वह बोले जो हिसाब प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति को कतई नहीं बोलना चाहिए। पीएम के लिए तो सडक की नुक्कड सभा में भी ऐसा भाषण शोभादायी नहीं हो सकता।

क्या आप नहीं मानते?

# कांग्रेस और आप में सीट बंटवारे की चर्चा

दिल्ली के सेवा बिल पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में भाजपा की डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की नई बनी दोस्ती को लेकर कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा, 'गुजरात में आपका वोट हाफ कर दिया, पंजाब में स्विच ऑफ कर दिया, दिल्ली में साफ कर दिया और आपने उनको माफ कर दिया'। सवाल है कि क्या सचमुच कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को माफ कर दिया है? जिस तरह से कांग्रेस नेताओं ने संसद के दोनों सदनों में दिल्ली के बिल पर आप का साथ दिया और उसके बाद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी को चिट्ठी लिख कर आभार जताया उसके बाद कोई संदेह नहीं बचा है।तभी अब चर्चा है कि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे की बात हो रही है, जिसका दिल्ली और पंजाब के कांग्रेस नेता कई तरह से विरोध कर रहे हैं। पंजाब में तो यहां तक कहा जा रहा है कि कांग्रेस सरकार में शामिल हो सकती है। हालांकि इन खबरों का खंडन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजा अमरिंदर सिंह वडिंग ने कहा कि अगर ऐसा किसी हाल में नहीं होगा और अगर होगा तो वे इस्तीफा दे देंगे। ध्यान रहे पंजाब की 117 सदस्यों की विधानसभा में आप के 92 विधायक हैं। कांग्रेस मुख्य विपक्षी है, जिसके 18 विधायक हैं। अगर कांग्रेस सरकार में शामिल होती है तो उसके बाद अकाली दल, भाजपा, बसपा और एक निर्दलीय की कुल संख्या सात रह जाएगी। यानी कोई विपक्ष नहीं बचेगा।जानकार सूत्रों के मुताबिक पंजाब की 13 लोकसभा सीटों को लेकर कांग्रेस और आप के बीच बात हो रही है। इस समय आप का सिर्फ एक सांसद है, जबकि कांग्रेस का सात है। कांग्रेस ने पिछली बार आठ सीटें जीती थीं लेकिन जालंधर के सांसद संतोष चौधरी के निधन के बाद वहां हुए उपचुनाव में आप जीत गई। बाकी पांच में से एक संगरूर सीट सिमरनजीत सिंह मान ने जीती है और भाजपा व अकाली दल के पास दो–दो सीटें हैं। बताया जा रहा है कि आप ज्यादा सीटों की मांग कर रही है। कांग्रेस कम से कम सात सीट चाहती है। अगर कांग्रेस और आप का गठबंधन बनता है तो दूसरी ओर अकाली और भाजपा का भी गठबंधन बनेगा। यानी पिछले दो चुनावों से उलट इस बार आमने–सामने का चुनाव हो सकता है।दिल्ली के बारे में कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी पांच सीटों पर लड़ना चाहती है और कांग्रेस को दो सीट दे सकती है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता इसका विरोध कर रहे हैं। अजय माकन और संदीप चौधरी ने मोर्चा खोला है। दूसरी ओर तालमेल का समर्थन करने वालों का कहना है कि इन दोनों को अपनी लोकसभा सीट की चिंता है। कांग्रेस के कई नेता पिछले 10 साल से सत्ता से बाहर होने की वजह से परेशान हैं और लगता है कि तालमेल हो गया तो उनको कोई न कोई पद मिल जाएगा। या विधानसभा चुनाव में जीतने की संभावना बनेगी। आप को भी लग रहा है कि मुस्लिम वोट का रूझान कांग्रेस की ओर हुआ है इसलिए तालमेल जरूरी है नहीं तो अगले चुनावों में दिक्कत होगी।

# अगर मकसद पूरा हो

जज भी नियमों और पारदर्शिता संबंधी अपेक्षाओं से बंधे रहें, यह जरूरी है। लेकिन इसके लिए ऐसे उपायों पर विचार किया जाना चाहिए, जिनसे यह मकसद सचमुच पूरा होता हो। संपत्ति की सूचना सार्वजनिक करना इस दिशा में सिर्फ एक उपाय है।

सार्वजनिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के बारे में पारदर्शिता के जितने उपाय हों, वे अपेक्षित हैं। लेकिन साथ–साथ यह भी विचारणीय है कि जिन तरह के उपायों की बात होती है, उनका अन्य मामलों में क्या अनुभव रहा है। मसलन, एक समय यह मांग पुरजोर ढंग से उठती थी कि नेताओं की संपत्ति और उनके आपराधिक रिकॉर्ड का ब्योरा जनता के सामने आना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने अपनी पहल पर चुनाव लड़ने के समय इन दोनों मामलों में हलफनामा दायर करना अनिवार्य कर दिया। उससे अब यह सामने आता रहता है कि किस नेता के पास कितनी संपत्ति है और उसके सार्वजनिक पद पर रहने के दौरान उसमें कितनी बढ़ोतरी हुई। लेकिन क्या इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में सचमुच मदद मिली है? या इस प्रश्न को ऐसे भी पूछा जा सकता है कि क्या इससे वो मकसद पूरा हुआ है, जिसके लिए यह मांग उठाई जाती थी? ये सवाल जजों के बारे में भी बनें रहेंगे। ताजा संदर्भ यह है कि एक संसदीय समिति ने कहा है कि जजों की संपत्ति की घोषणा को अनिवार्य बनाने के लिए कानून लाया जाना चाहिए।अदालतों ने 2009 में जजों की संपत्ति की घोषणा का संकल्प लिया था, लेकिन बहुत कम जज इस संकल्प का पालन करते हैं। संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी समिति ने अपनी 133वीं रिपोर्ट में न्यायपालिका से संबंधित कई मामलों पर अपने विचार सामने रखे हैं। इनमें सुप्रीम कोर्ट और देश के सभी हाई कोर्ट के जजों की संपत्ति की सूचना सार्वजनिक किये जाने का मामला भी शामिल है। यहां इस बात का जरूर उल्लेख होना चाहिए कि भ्रष्टाचार जारी रहने का एक बड़ा कारण बेनामी संपत्ति और हवाला के जरिए पैसा विदेश भेज कर वहां निवेश की सुविधा देने का चलन भी है। जब भ्रष्ट नेताओं और अधिकारियों इस माध्यम से पैसा बनाने के इल्जाम लगते हैं, तो यह बात जजों के मामले में भी सामने आ सकती है। जज भी नियमों और पारदर्शिता संबंधी अपेक्षाओं से बंधे रहें, यह जरूरी है। लेकिन इसके लिए ऐसे उपायों पर विचार किया जाना चाहिए, जिनसे यह मकसद सचमुच पूरा होता हो।

# लालकिला से भी मिल सकता है 2024 का संदेश, पीएम मोदी फिर परिवारवाद व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर कर सकते हैं प्रहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को लाल किला की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दूसरे कार्यकाल का आखिरी संबोधन देंगे। यह तो तय है कि वह आजादी के अमृतकाल से विकसित भारत की ओर बढ़े कदम पर विशेष चर्चा करेंगे।

लेकिन नजरें इस पर होंगी कि देश के नाम इस संबोधन में 2024 की क्या झलक होगी। माना जा रहा है कि महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित भाषण में वह फिर से परिवारवाद और भ्रष्टाचार के कारण उनके अवसरों में आने वाले अवरोधों की बात कर सकते हैं। यही सरकारी मुद्दा भी है और राजनीतिक भी।मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी लाल किला से अपना 10वां संबोधन देंगे। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले का यह आखिरी संबोधन है। जिस तरह देश में राजनीति गरमाई है कि और पक्ष विपक्ष के बीच हर मुद्दे पर



तीखी बहस छिड़ी है, उस स्थिति में माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री उन मुद्दों पर भी बोलेंगे जो राजनीतिक मुद्दा हो सकता है लेकिन जो देश की प्रगति से जुड़ा है।

बाद के महीनों में राजनीति के कई बड़े धुरंधरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हुई। यह सार्वजनिक है कि विपक्षी दलों में एकजुटता की बड़ी वजह ईडी, सीबीआई थी। सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाया गया। सरकार के अंदर भी कुछ लोग भयभीत हुए कि यह कार्रवाई कहीं राजनीतिक इच्छा के आड़े न आ जाए। लेकिन कार्रवाई की गति कम नहीं हुई। शायद प्रधानमंत्री जनता तक यह संदेश नहीं जाने देना चाहते थे कि उन्होंने जो कुछ कहा है उसमें कोई शिथिलता है।

गौरतलब है कि 2019 लोकसभा चुनाव से पहले 2018 के संबोधन में भी प्रधानमंत्री ने भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार मिटाने की बात कही थी। सच्चाई तो यह है कि 2014 के चुनाव से ही ये दो मुद्दे भाजपा के केंद्र में हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि मंगलवार को फिर से प्रधानमंत्री यह बताने की कोशिश करेंगे वस्तुतः यही दो अड़चन हैं जो आम लोगों के विकास में बाधक है और इसे जड़ से खत्म करना है तो फिर से पीएम मोदी का साथ देना होगा। वह राजनीतिक स्थिरता के फायदे भी गिना सकते हैं और लालकिला से यह भरोसा भी दिला सकते हैं कि वह देश को सबसे आगे खड़े तीन देशों में शामिल कराएंगे।

मोदी कार्यकाल को नौ साल से ज्यादा हो चुके हैं और उपलब्धियों के रूप में गिनाने को बहुत कुछ है। लिहाजा सरकार का रिपोर्ट कार्ड रखने के साथ साथ उस पंचप्रण की फिर से याद दिला सकते हैं जिसमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, एकता और एकजुटता के साथ साथ नागरिकों के कर्तव्यों की बात है।

दो दिन पहले ही सरकार ने अंग्रेजों के जमाने में बने आपराधिक दंड संहिता से मुक्ति की राह तैयार की है। कानून को दंड आधारित करने की बजाय न्याय आधारित बनाने के लिए विधेयक लाई है। राजद्रोह कानून को खत्म करने के साथ साथ मॉब लिंचिंग को कानून के दायरे में लाने की संकल्प दिखाया है।

माना जा रहा है कि नया विधेयक न्याय प्रक्रिया में तो परिवर्तन लाएगा ही, उन वर्गों में भी विश्वास भरेगा जो राजनीतिक रूप से भाजपा के विरोधी माने जाते हैं। संभव है कि प्रधानमंत्री ऐसे कदमों का भी लाल किला से उल्लेख करें। उत्तर पूर्व को लेकर विपक्ष अभी भी सरकार पर हमलावर है। ऐसे में मंगलवार को प्रधानमंत्री फिर से भरोसा दिला सकते हैं कि उत्तर पूर्व में बहुत जल्द शांति का सूरज उगेगा।

## हवाई के जंगलों में लगी आग से मरने वालों की संख्या 89 हुई

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के हवाई में माउई द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढक़र 89 हो गई है। उन्होंने बताया कि माउई जंगल की आग आधुनिक अमेरिकी इतिहास की सबसे भीषण आग है। यह आपदा आधिकारिक तौर पर 2018 में कैलिफोर्निया के कैंप फायर से भी अधिक भीषण है, जिसमें कि 85 लोग मारे गए थे। इससे पहले माउई काउंटी ने एक बयान में कहा कि लहानिया, पुलेहु/किहेई और अपकंट्री माउई में आग बुझाने के प्रयास जारी हैं, जबकि कि मृतकों की संख्या 80 बताई गई थी।

## सोमालिया में सेना ने अल–शबाब के 23 आतंकवादियों को मार गिराया

**मोगादिशू , एजेंसी।** सोमालिया की राष्ट्रीय सेना ने देश के दक्षिणी हिस्से में चलाये अभियानों में अल–शबाब के 23 आतंकवादियों को मार गिराया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बुला–फुले खाड़ी क्षेत्र में चलाए गए तीन सैन्य अभियान के दौरान सैनिकों ने आतंकवादी संगठन अल–शबाब के तीन ठिकानों को नष्ट कर दिया है।

मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दो कमांडरों सहित 23 आतंकवादियों को मार गिराया गया। इस दौरान आतंकवादियों की एक चौकी, विस्फोटक इका करने के लिए एक गैरेज और उनके नेताओं द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक प्रशासनिक कार्यालय को निशाना बनाया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद ने 2022 में आतंकवादियों के खिलाफ चौतरफा युद्ध की घोषणा के बाद से सरकारी बलों ने अल–शबाब के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखा हैं।

## कलिनिनग्राद क्षेत्र में रूस का लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**सेंट पीटर्सबर्ग , एजेंसी।** रूस के कलिनिनग्राद क्षेत्र में सेना का एसयू–30 लड़ाकू विमान प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूस की पश्चिमी सैन्य जिले की प्रेस सेवा ने बताया कि बिना गोला–बारूद वाले एक विमान के सुनसान इलाके में दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार चालक दल की मौत हो गई। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई।

## सऊदी अरब ने फिलिस्तीन में अपना पहला राजदूत किया नियुक्त

**रामल्लाह , एजेंसी।** सऊदी अरब ने नाइफ बिन बंदर अल–सुदैरी को फिलिस्तीन में पहला राजदूत नामित किया है। जॉर्डन में फिलिस्तीन के दूतावास में उनकी बैठक के दौरान, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति के राजनयिक मामलों के सलाहकार माजदी अल–खालिदी को राजदूत के रूप में अल–सुदैरी का परिचय पत्र मिला। रिपोर्ट में कहा गया है कि अल–सुदैरी येरुशलम में महावाणिज्यदूत के रूप में भी काम करेंगे।

## ईरान ने सीरियाई सैन्य बस पर आईएस के घातक हमले की निंदा की

**तेहरान , एजेंसी।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने पूर्वी सीरिया में सैन्य बस पर आईएस आतंकवादियों द्वारा किए गए घातक आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। कनानी ने मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान में सीरियाई सरकार, लोगों और सेना के प्रति ईरान की सहानुभूति व्यक्त करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने पिछले कुछ महीनों में सीरिया में आतंकवादी अभियानों और हमलों में वृद्धि के लिए सीरिया में पूर्ण स्थिरता और सुरक्षा को रोकने के उद्देश्य से आतंकवादी समूहों के लिए जारी विदेशी समर्थन को जिम्मेदार ठहराया।

## ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 16 विद्यार्थी घायल

**केंद्रपाड़ा , एजेंसी ।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में आकाशीय बिजली गिरने से सरकारी स्कूल के 16 विद्यार्थी घायल हो गये. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि गारदपुर प्रखंड में कुदानगरी आदर्श विद्यालय के पास 11 केवी विद्युत लाइन पर बिजली गिरी. इस आकाशीय बिजली का प्रभाव इतना जोरदार था कि स्कूल के हॉस्टल के एक कमरे में मौजूद छात्रों को भी झटके लगे.पुलिस ने बताया कि बिजली गिरने से जो विद्यार्थी घायल हुए हैं उनमें दो छात्र और 14 छात्राएं शामिल हैं. सभी घायल कक्षा छह और सात के विद्यार्थी हैं.

जानकारी के मुताबिक, सभी घायल विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. डॉक्टर प्रशांत कुमार जेना ने कहा कि सभी विद्यार्थियों की हालत खतरे से बाहर है.

## स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली में कड़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था

### पुलिस ने पेट्रोलिंग–वाहनों की चेकिंग बढ़ाई

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम के साथ ही पेट्रोलिंग और वाहनों की चेकिंग तेज कर दी है. इससे पहले, लाल किला पर विभिन्न सशस्त्र बलों की फुल ड्रेस रिहर्सल हो रही थी.

पीएम का देशवासियों से हर घर तिरंगा आंदोलन में भाग लेने का आग्रह

भारत की आजादी के 76 साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देशवासियों से एजेंसी से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा आंदोलन में भाग लेने का आग्रह किया. भारतीय ध्वज स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतीक है. पीएम मोदी (क्रूरू रूशस्त्रद्ब) ने सभी से हर घर तिरंगा वेबसाइट पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने का आग्रह किया.

पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा, तिरंगा स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतीक है. हर भारतीय का तिरंगे से भावनात्मक जुड़ाव है और यह हमें राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है. इस बीच, लाल किले पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ध्वजारोहण में पूरे भारत से लगभग 1,800 विशेष अतिथि शामिल होंगे.

इस वर्ष भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर, गांवों के सरपंच, शिक्षक, नर्स, किसान, मछुआरे, नई दिल्ली में सेंट्रल विस्टा परियोजना के निर्माण में मदद करने वाले श्रम योगी, खादी क्षेत्र के कार्यकर्ता, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता स्कूल शिक्षक, सीमा सड़क संगठन, देश के विभिन्न हिस्सों में लागू अमृत सरोवर परियोजनाओं और हर घर जल योजना परियोजनाओं में मदद करने वाले और काम करने वालों को नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए अपने जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया गया है. केंद्रीय कृषि मंत्रालय और किसान कल्याण ने शुक्रवार को एक प्रेस रिलीज में इस बात की जानकारी दी है.

इसके अलावा महाराष्ट्र राज्य से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के दो लाभार्थी लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का हिस्सा बनेंगे.

पीएम मोदी के संबोधन में आमंत्रित लगभग 1,800 अतिथियों में इस योजना के पचास लाभार्थी अपने परिवार के साथ शामिल हैं.

## 'कुछ शुभचिंतक मुझे मनाने की कोशिश कर रहे, भाजपा के साथ कभी नहीं जाऊंगा': शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार ने राज्य के उप–मुख्यमंत्री अजित पवार के साथ हुई सीक्रेट बैठक को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कुछ शुभचिंतक मुझे मनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मैं भाजपा के साथ कभी नहीं जाऊंगा। अजित पवार के साथ मेरी मुलाकात गुप्त नहीं है। वह मेरे भतीजे हैं और मैं परिवार का सबसे वरिष्ठ सदस्य हूं।



उन्होंने कहा कि हममें से कुछ लोगों ने एक अलग रुख अपनाया है। हमारे कुछ शुभचिंतक यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हमारे रुख में कोई बदलाव हो सकता है। यही कारण है कि वे सौहार्दपूर्ण चर्चा करने की कोशिश कर रहे हैं। अजित से मुलाकात के बारे में पवार ने कहा कि मैं आपको एक तथ्य बताना चाहता हूं कि वह मेरे भतीजे हैं। भतीजे से मिलने में क्या गलत है? यदि परिवार का कोई वरिष्ठ व्यक्ति परिवार के किसी अन्य सदस्य से मिलना चाहता है, तो इसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

इससे पहले शरद पवार और राकांपा के बागी गुट का नेतृत्व कर रहे अजित पवार के बीच पुणे में बैठक से महाराष्ट्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गईं थीं। इस पर राकांपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि पार्टी संस्थापक और उनके भतीजे के बीच क्या बातचीत हुई और यह कोई गोपनीय बैठक नहीं थी।

शरद पवार के पोते और राकांपा विधायक रोहित पवार ने भी कहा कि उन्हें भी ऐसी किसी मुलाकात की जानकारी नहीं है, लेकिन अगर मुलाकात हुई है, तो भी परिवार में संवाद बनाए रखने में कुछ भी गलत नहीं है।

मामले में जब राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से पूछा गया तो उन्होंने इस तरह की किसी भी बैठक की कोई जानकारी होने से इनकार किया। भाजपा नेता ने कहा कि मैं आपको कोई जानकारी नहीं दे सकता।सूत्रों के मुताबिक, शरद पवार और अजित पवार ने शनिवार को पुणे में एक कारोबारी के आवास पर मुलाकात की थी। बताया गया कि शरद पवार शनिवार दोपहर में करीब एक बजे कोरेगांव पार्क क्षेत्र में कारोबारी के आवास पर पहुंचे थे। वे शाम करीब पांच बजे वहां से चले गए। इसके लगभग दो घंटे के बाद शाम पौने सात बजे अजित पवार को भी परिसर से बाहर निकलते देखा गया।इससे पहले महाराष्ट्र में पिछले महीने अजित पवार ने शरद पवार से बगावत कर ली थी। उन्होंने शिवसेना–भाजपा की सरकार में शामिल होने का फैसला किया था और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अजित पवार के साथ उनके समर्थक आठ राकांपा विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

## ठाणे के अस्पताल में 24 घंटे में 18 मौतें, जांच समिति गठित

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 18 मौतें दर्ज की गई हैं। इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग में अफरातफरी का माहौल है। निगमायुक्त अभिजीत बांगर ने बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्थिति के बारे में जानकारी ली और एक स्वतंत्र जांच समिति के गठन का आदेश दिया है।

समिति की अध्यक्षता स्वास्थ्य सेवा आयुक्त करेंगे। समिति में कलेक्टर, निगम प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और सिविक सर्जन समेत अन्य शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि मृतकों में 10 महिलाएं और आठ पुरुष शामिल हैं। इनमें से छह ठाणे शहर, चार कल्याण, तीन शाहपुर, एक–एक भिवंडी, उल्हासनगर और गोवंडी (मुंबई) से हैं। एक मरीज की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मृतकों में 12 की उम्र 50 वर्ष से अधिक थी। इनमें से कुछ पहले से ही क्रोनिक किडनी



रोग, निमोनिया, हृदय रोग, दीर्घकालिक फेफड़े के रोग, केरोसिन विषाक्तता, सड़क दुर्घटना और अन्य बीमारियों का इलाज करा रहे थे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने मुझसे चर्चा की है, मैंने उन्हें इस बारे में जानकारी दी। मैंने इस बारे में मुख्यमंत्री जी को पूरी जानकारी दे दी है।

इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मरीजों को उचित उपचार मिला या नहीं। महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि हमारी संवेदनाएं परिवारों के साथ हैं। अगर कोई

### मंत्री बोले– दोषियों को बख्शेंगे नहीं

लापरवाही पाई गई तो कार्रवाई होगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मुआवजा दिए जाने की बात कही।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ठाणे शहर के कलवा में छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल को नगर निकाय संचालित करता है। यहां पिछले 24 घंटों में 18 मरीजों की मौत हुई है।

अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के साथ–साथ उम्र को भी इसका कारण बताया है। अस्पताल के डीन को इस मामले में दो दिन में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

मामले में पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े ने बताया कि हमें पिछले 24 घंटों में 18 मौतों की जानकारी मिली है। हमें बताया गया है कि रोज का औसतन आंकड़ा करीब छह या सात है। अस्पताल प्रबंधन ने हमें बताया कि कुछ मरीज गंभीर अवस्था में यहां पहुंचे। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। कुछ बुजुर्ग थे। इसके बाद से ही अस्पताल में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है।

इससे पहले महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने पुणे में कहा कि 18 मरीजों में से 13 आईसीयू में थे। कुछ दिन पहले अस्पताल में पांच मरीजों की मौत हो गई थी। राज्य सरकार ने डीन से दो दिन में रिपोर्ट देने को कहा है।

रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यह अस्पताल राज्य चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के अंतर्गत आता है। इसके मंत्री हसन मुशरिफ अस्पताल पहुंच गए हैं और वह मामले को देख रहे हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और क्षेत्र के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने अस्पताल में कुप्रबंधन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए।

## एनआईए ने केरल के मलप्पुरम में पीएफआई के पूर्व कार्यकर्ताओं के आवास पर की छापेमारी

**तिरुवनंतपुरम , एजेंसी ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) रविवार को प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व कार्यकर्ताओं के चार ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।मलप्पुरम जिले के तिरुर और तनूर इलाकों में पूर्व पीएफआई कार्यकर्ताओं के चार आवासों पर छापेमारी की जा रही है।मलप्पुरम जिला पुलिस के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि उन्हें छापेमारी शुरू होने से ठीक पहले सूचित किया गया था।इससे पहले, एनआईए ने मलप्पुरम जिले के मंजेरी में पीएफआई मुख्यालय, ग्रीन वैली पर छापेमारी की थी और उसे सील कर दिया था। सितंबर 2022 में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया गया था और इस्लामी संगठन के अधिकांश अग्रणी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था।

## हरियाणा में भी मणिपुर की तरह कानून–व्यवस्था हुई ध्वस्त : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़ , एजेंसी ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रदेश में सरकार का नहीं, बल्कि अपराधियों का राज है। प्रदेश में कोई भी वर्ग स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। शोषण और पीड़ितों के आवाज उठाने वालों के खिलाफ सरकार एजेंसियों को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है।

मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और नशाखोरी चरम पर है। इनके कारण भी हरियाणा में हर रोज हत्या, लूटपाट, फिरौती, रंगदारी की वारदातें हो रही हैं। इस राज में न ही पुलिस अधिकारी, न ही जनप्रतिनिधि और न ही विधायक सुरक्षित हैं। अभी एक विधायक को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। नूंह जिले के तावडू में खनन माफिया ने डीएसपी सुरेंद्र सिंह के ऊपर डंपर चढ़ाकर हत्या कर दी थी। सरकार हाथ मलती रह गई थी। क्योंकि प्रदेश में शासन के संरक्षण में खनन माफिया सक्रिय है। उन्होंने कहा कि नूंह हिंसा को लेकर सीआईडी अपनी रिपोर्ट भेज चुकी थी। मुख्यमंत्री कार्यालय और गृहमंत्री कार्यालय के बीच तालमेल न होने के चलते हिंसा हुई। अगर पहले मिली सूचना पर शासन प्रशासन सतर्क हो गया होता तो हिंसा न होती। हरियाणा में भी मणिपुर की तरह कानून–व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सांप्रदायिक दंगा भडकना और लोगों की जनहानि होने से यह तय हो गया है कि नूंह का खुफिया विभाग पूरी तरह से इन बातों को पकड़ पाने में नाकाम रहा है। हरियाणा में हुई हिंसा को शर्मनाक बताया और कहाकि दंगा–हिंसा का राजनीतिक और संकीर्ण स्वार्थ की पूर्ति के लिए इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

## नित्यानंद राय ने किया खुलासा, नीतीश ने चिराग को एनडीए से बाहर करवाया

**पटना , एजेंसी ।** बिहार में साल 2020 के विधानसभा चुनाव में लोजपा के एनडीए से बाहर होने को लेकर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने खुलासा किया कि नीतीश कुमार ने चिराग पासवान को एनडीए से बाहर करवाया।

राय ने पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा ने नीतीश कुमार को कभी नहीं छोड़ा।

जदयू के कम सीट लाने के लिए भाजपा द्वारा एजेंट खड़ा करने के नीतीश के बयान पर राय ने पलटवार करते हुए कहा कि जब उनकी सीट कम आई तो भाजपा ने उन्हें ही मुख्यमंत्री बनाया।

उन्होंने कहा कि चिराग को एनडीए गठबंधन से बाहर कराने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे। हम लोग कभी नहीं चाहते थे कि चिराग पासवान एनडीए गठबंधन से बाहर जाएं। उनके घमंड और अहंकार के कारण चिराग की पार्टी अकेले चुनाव लड़ी।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री राय ने कहा कि नीतीश कुमार सपना देखने में माहिर हैं। जब वह भाजपा को छोडक़र राष्ट्रीय जनता दल के साथ गए थे, लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने का सपना दिखाया था। उस सपना का क्या हुआ यह देश की जनता भी जानती है।भाजपा नेता ने कहा कि जनता अब नीतीश के कुर्सी लोभ को जान चुकी है। समय आ गया है, जनता इन्हें सबक सिखाएगी। उनकी पार्टी का सफाया तय है।

## मुसलमानों के प्रवेश पर रोक को लेकर हरियाणा सरकार सख्त, ग्राम पंचायतों को कारण बताओ नोटिस जारी

**नूंह , एजेंसी।** हरियाणा के नूंह जिले में 31 जुलाई को धार्मिक यात्रा के दौरान भडक़ी हिंसा अब धीरे–धीरे शांत हो रही है। नूंह हिंसा पर प्रदेश की कई ग्राम पंचायतों और सरपंचों ने अपने गांवों में मुसलमानों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए प्रस्ताव पारित किया है। अब हरियाणा सरकार ने इन ग्राम पंचायतों और सरपंचों को कारण बताओ नोटिस जारी करने शुरू कर दिए है।हरियाणा सरकार के अधिकारियों ने बताया कि कई ग्राम पंचायतों और सरपंचों को उनके संबंधित जिला अधिकारियों द्वारा हरियाणा ग्राम पंचायती राज अधिनियम की धारा 51 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## हिमाचल में बारिश ने मचाई भारी तबाही, 2 एनएच सहित 452 सड़कें बंद, 1814 ट्रांसफार्मर ठप

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल ने भारी बारिश ने फिर से तबाही मचा दी है। बारिश के कारण जगह भूस्खलन और बाढ़ का सिलसिला जारी है। भूस्खलन न के कारण हिमाचल प्रदेश में 2 एनएच सहित 452 सड़कें फिर से बंद हो गई हैं। इन सड़कों के बंद होने के कारण प्रदेश में यातायात व्यवस्था फिर से प्रभावित हो गई है। लोगों को आने–जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोलन जिले में चक्की मोड़ के पास मलबा आने से कालका शिमला एनएच फिर बंद हो गया है। इसके अलावा शिमला शहर का सर्कुलर रोड़ और कई सड़कें पेड़ गिरने एवं भूस्खलन से बंद हो गई हैं।



बिलासपुर में दगसेच के पास पहाड़ी धंसने से शिमला–धर्मशाला हाईवे पूरी तरह से बंद हो गया है। शिमला से आने वाले वाहनों को नवगांव से बैरी वाली सड़क से सफर करना होगा। पहाड़ी धंसने से चार–पांच मकान भी जमींदोज हो गए हैं। सड़क समेत तीन–चार वाहन धंस गए हैं। यातायात व्यवस्था बंद होने से एचआरटीसी के भी कई रूट प्रभावित हो गए हैं। वहीं एचआरटीसी की कई बसें प्रदेश के विभिन्न रूटों पर दोबारा से फंस गई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा सड़के मंडी जिला में बंद है। मंडी जिला में 233 के बंद है। शिमला जिला में शिमला जिला में 59 सड़के बंद है।

बिलासपुर जिला में 40 कर के बंद है। चंबा जिला में 8 सड़के बंद है। हमीरपुर में 28, कांगड़ा में 7 किन्नौर में 5, कुल्लू में 39, सिरमौर में 5, सोलन में 40 और ऊना जिला में दो सड़कें बंद है। हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था भी फिर से बंद हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में 1814 ट्रांसफार्मर बंद है। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 1335 ट्रांसफार्मर बंद है। वही कुल्लू जिला में 28 ट्रांसफार्मर बंद है। हमीरपुर जिला में 445 ट्रांसफार्मर बंद है। शिमला जिला में दो और सोलन जिला में 4 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं।

# एशियाई खेलों के लिए भारत की तैयारी में एसीटी की खिताबी जीत वास्तव में मायने रखेगी: फुल्टन



चेन्नई, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि ऐसे समय में जबकि भारत की निगाहें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए स्वतः क्वालीफाई करने पर टिकी हैं, तब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) की खिताबी जीत वास्तव में मायने रखेगी।

भारतीय हॉकी टीम ने शनिवार को यहां दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके मलेशिया को 4–3 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता।

अब जबकि 23 सितंबर से हांगझोउ में एशियाई खेल शुरू हो रहे हैं तब फुल्टन से पूछा गया कि क्या इस तरह के रोमांचक फाइनल से भारतीय टीम को महाद्वीपीय प्रतियोगिता में मदद मिलेगी।

फुल्टन ने कहा, फाइनल हमेशा अजीब होते हैं। वह कभी आसान नहीं होते। यह मैच भी शूटआउट तक जा सकता था। इस तरह के रोमांचक मैच का होना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वास्तव में यह मायने रखते हैं।

उन्होंने कहा, इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि यह ( एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी) एशियाई खेल नहीं हैं, इसलिए हमें अति उत्साहित होने की जरूरत नहीं है। लेकिन अगर आप मुझसे पूछोगे कि एशियाई खेलों में जीत दर्ज करो और इस फाइनल को हार जाओ, तो मैं निश्चित तौर पर एशियाई खेलों की जीत को चुनूंगा।

भारत फाइनल में मध्यांतर तक 1–3 से पीछे चल रहा था लेकिन उसने दूसरे हाफ में शानदार वापसी की। भारत ने सेमीफाइनल में जापान हो 5–0 से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई थी।

फुल्टन ने कहा, मलेशिया के खिलाफ मैच वास्तव में शानदार रहा। इससे पहले जापान के खिलाफ मैच भी उच्च स्तर का रहा था। मलेशिया ने पहले हाफ में शानदार खेल दिखाया। हम भी बुरा नहीं खेले लेकिन हम शत प्रतिशत प्रतिबद्ध नहीं दिखे जैसा कि हम चाहते थे।

उन्होंने कहा, हमने मध्यांतर के बाद खुद को संगठित किया। हमें केवल वापसी के लिए एक गोल की जरूरत थी। इसके बाद हम किसी भी समय बराबरी का गोल और उसके बाद निर्णायक गोल कर सकते थे। जिस तरह से टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की उससे उसके जज्बे का पता चलता है।

# भारत ने चौथी बार जीती एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, पीएम मोदी ने दी बधाई






चेन्नई, भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। टीम ने मलेशिया को 4–3 से पराजित कर दिया। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में चौथी बार चैंपियन बनी है। इसी के साथ भारत इस टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाला देश बन गया है।

चेन्नई के राधाकृष्णन स्टेडियम में शनिवार को अपना 5वां फाइनल खेल रही टीम इंडिया हाफ टाइम तक 2 गोल से पिछड़ रही थी, तब स्कोर लाइन 3–1 था। फिर मुकाबले के आखिरी दो क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने तीन गोल दागते हुए जीत हासिल की।

मुकाबले में भारत की ओर से जुगराज सिंह ने 9वें मिनट, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 45वें मिनट, गुरजंत सिह ने भी 45वें मिनट और आकाशदीप सिंह ने 56वें मिनट में गोल दागा। साथ ही मलेशियाई टीम की ओर से अजराई अबू कमाल ने 14वें मिनट, रहीम रजी ने 18वें मिनट और मुहम्मद अमीनुदीन ने 28वें मिनट में गोल दागा।

भारतीय टीम के चौथी पर चैम्पियन बनने पर पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी। पीएम ने ट्विटर पर लिखा– एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार जीत पर हमारी पुरुष हॉकी टीम को बधाई! यह भारत की चौथी जीत है और यह हमारे खिलाड़ियों के अथक समर्पण, कठोर प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। उनके असाधारण प्रदर्शन ने पूरे देश में अत्यधिक गर्व की भावना जगाई है। हमारे खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

# 15 चौके और 7 छक्कों की मदद से जड़ा तूफानी शतक



नई दिल्ली, भारतीय टीम से बाहर चल रहे स्टार ओपनर पृथ्वी शॉ ने इंग्लैंड में अपने बल्ले से तूफान मचा रखा है। पृथ्वी शॉ इस समय इंग्लैंड में वनडे कप खेल रहे है।

13 अगस्त को डरहम बनाम नॉर्थम्पटनशर के बीच खेले गए मैच में शानदार शतक जड़कर हर किसी को अपना मुरीद कर दिया।

इसके साथ ही उन्होंने भारत में इस साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी ठोक दी है। पृथ्वी शॉ ने 4 दिन पहले ही दमदार दोहरा शतक जड़ा था।

ऐसे में एक बार फिर पृथ्वी शॉ के बल्ले से शतकीय पारी निकली। उन्होंने चौके–छक्कों की बौछार लगाकर अपनी टीम नॉर्थम्प्टनशर को 6 विकेट से जीत दिलाई।

### इंग्लैंड की धरती पर जड़ा बैक–टू–बैक शतक

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए डरहम टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 198 रन बनाए। टीम की तरफ से कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं जड़ सका। सलामी बल्लेबाज ग्राहम क्लार्क ने 14 गेंदों पर 13 रन बनाए। एलेक्स लीस ने 55 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली। जोनाथन बुशनेल ने 32 रनों की पारी खेली। इसके अलावा लियाम ट्रेवस्किस ने 37 रन बनाए।

199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नॉर्थम्पटनशर टीम की तरफ से पृथ्वी शॉ ने कमाल की शुरुआत की और 76 गेंदों पर 125 रन की नाबाद पारी खेली।

## गंभीर और अफरीदी के बीच होती थी। तू–तू मैं–मैं

नई दिल्ली, गौतम गंभीर और शाहिद अफरीदी के मैदान पर भिड़ने के कई किस्से मौजूद हैं। दोनों ही खिलाड़ी करियर के दौरान एक–दूसरे को ज्यादा पसंद नहीं करते थे और अक्सर ही गंभीर और अफरीदी के बीच तू–तू मैं–मैं होती रहती थी। इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बावजूद भी दोनों के बीच खटास कम नहीं हुई है। इस बीच, अफरीदी ने एकबार फिर गंभीर को लेकर बड़ी बात कह डाली है।

### गंभीर के लिए क्या बोले अफरीदी?

पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी शाहिद अफरीदी ने एक यूट्यूब चैनल के शो पर बातचीत करते हुए गौतम गंभीर को एक अलग ही कैरेक्टर बताया। उन्होंने कहा, "क्रिकेट में ऐसी चीजें चलती रहती हैं। यह नॉर्मल है। मुझे लगता है सोशल मीडिया पर ज्यादा हाइप बनाया जाता है।

# दो मैच हारने के बाद ईशान किशन को शीर्ष क्रम से हटाकर जायसवाल को मौका दिया



लॉडरहिल (अमेरिका), पहले टेस्ट क्रिक्रेट और फिर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिक्रेट में अपनी विशिष्ट छाप छोडने वाले प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा के यह अभी शुरुआत है और उन्हें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि वह कल के लिए तैयार रहें।इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन करने वाले 21 वर्षीय जायसवाल ने भारत की तरफ से अपने पदार्पण टेस्ट क्रिक्रेट मैच में शतक जड़ा और फिर अर्धशतक बनाया।जायसवाल को इसके बाद जब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिक्रेट में मौका मिला तो उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी20 मैच में 51 गेंदों पर नाबाद 84 रन बनाए। यह उनका सबसे छोटे प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल दूसरा मैच था।

जायसवाल ने भारत की नौ विकेट से जीत के बाद कहा, यह अभी केवल शुरुआत है। मैं अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहता हूं। मैं अपने आज के प्रदर्शन से खुश हूं लेकिन मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि मैं कल के लिए भी तैयार रहूं।

उन्होंने कहा, यह अर्धशतक वास्तव में खास है। भारत का प्रतिनिधित्व करना गौरवशाली क्षण होता है। निश्चित तौर पर इसके पीछे कड़ी मेहनत छुपी होती है। मैं खुशनसीब हूं कि मैं आज अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहा।

भारत ने पांच मैच की श्रृंखला में लगातार दो मैच हारने के बाद ईशान किशन को शीर्ष क्रम से हटाकर जायसवाल को मौका दिया। उन्होंने शुभमन गिल के साथ मिलकर चौथे टी20 मैच में पहले विकेट के लिए 165 रन जोडक़र भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड रोहित शर्मा और केएल राहुल के नाम था।

ऐसे में स्वाभाविक ही यह सवाल पैदा होता है कि क्या यह नए युग की शुरुआत है।

जायसवाल ने इस पर विनम्रता से जवाब दिया, उन्होंने (रोहित और राहुल) ने जो किया है वह अद्भुत है। वे खेल के दिग्गज हैं। हमें बस वह करने की जरूरत है जो हम कर सकते हैं। हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है।

## फिल्मी दुनियां

# दिव्या खोसला कुमार की फिल्म यारियां 2 का फर्स्ट लुक आउट



साल 2014 में रिलीज हुई हिमांश कोहली और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म यारियां बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब पूरे 8 साल बाद फिल्म का सीक्वल रिलीज हो रहा है, जिसका नाम है यारियां 2। हालांकि अब यारियां 2 की स्टारकास्ट पूरी तरह से बदल गई है। फिल्म में अब हिमांश कोहली और रकुल प्रीत सिंह की जगह एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार, पर्ल वी पुरी और एक्टर मिजान जाफरी लीड रोल में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म यारियां 2 का पोस्टर सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार दुल्हन के लुक में नजर आ रही हैं तो वहीं एक्टर पर्ल वी पुरी दुल्हा बने हुए हैं। तो वहीं मिजान जाफरी भी पोस्टर में नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि दिव्या खोसला कुमार ने पर्ली वी पुरी और मिजान जाफरी दोनों के कंधों पर अपने हाथ रखे हुए हैं। इसके साथ ही पोस्टर में दिव्या स्मोकिंग कर रही हैं। फिल्म का पोस्टर बहुत वाइब्रेंट है लग रहा है। यारियां 2 का फर्स्ट लुक सामने आने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट दोगुनी हो गई है।इस फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए दिव्या खोसला कुमार ने कैप्शन में लिखा, अपनी मां के आशीर्वाद से, मैं आप सभी के साथ अपनी फिल्म का पोस्टर साझा कर रहा हूं। यारियां 2 फिल्म को राधिका राव और विष्णु सापरु ने डायरेक्ट किया है। बता दें कि दिव्या खोसला कुमार, पर्ल वी पुरी और मिजान जाफरी के अलावा फिल्म में यश दासगुप्ता, अनस्वरा रंजन, वरीना हुसैन और प्रिया प्रकाश वारियर जैसे सितारे भी इस फिल्म में नजर आएंगे।

## करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया गाना रो लैं दे जारी

28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।इसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की जोड़ी नजर आ रही है।फिल्म रिलीज के बाद अब निर्माताओं ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया गाना रो लैं दे जारी कर दिया है, जिसे सोनू निगम और शिल्पा राव ने मिलकर गाया है।गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को पहले दिन से दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।इस फिल्म के जरिए करण जौहर ने 7 साल बाद बतौर निर्देशक बड़े पर्दे पर वापसी की है।दुनियाभर में रॉकी और रानी... का कारोबार 300 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रहा है, वहीं भारत में फिल्म 110 करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है।रिपोर्ट के मुताबिक, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने अपनी रिलीज के 12वें दिन 4.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया। अब फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 117.78 करोड़ रुपये हो गया है।रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं।


# अभिषेक बच्चन की घूमर का गाना जारी, 18 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म



बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन की अपकमिंग फिल्म घूमर को लेकर सुर्खियों में है। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था। वहीं अब इस मूवी का टाइटल ट्रैक रिलीज हुआ है। जो रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। यह गाना विजुअल्स और जीत की एक मानवीय यात्रा का वर्णन करता है।

इस गाने को दीपाक्षी कलिता और अल्तमश फरीदी ने अपनी आवाज में गाया है। इस गाने के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। घूमर गाना पारंपरिक और कंटेम्पररी ट्यून्स को एक साथ लाता है, जो दर्शकों के दिल को छू लेने वाली धुन का वादा करता है। अभिषक ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर घूमर का गाना जारी किया है। इस फिल्म में अभिषेक एक क्रिक्रेट कोच की भूमिका में दिखेंगे।फिल्म घूमर में अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं। वहीं शबाना आजमी और अंगद बेदी अहम किरदार में हैं। यह अमिताभ बच्चन की एक कमेंटेटर के रूप में पहली फिल्म है। फिल्म के ट्रेलर में उनकी भी झलक देखने को मिल रही है।अब उनका घूमर में कैमियो है या फिर वो सपोर्टिंग रोल में हैं, ये तो रिलीज के साथ ही पता चलेगा। यह फिल्म शिवेंद्र सिंह और इवांका दास की डेब्यू फिल्म है।

# आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 का फनी पोस्टर रिलीज



आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे ने पहली बार ड्रीम गर्ल 2 पर एक साथ काम करने के लिए हाथ मिलाया है. खबर की घोषणा के बाद से वे सुर्खियां बटोर रहे हैं क्योंकि दर्शक उन्हें स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. यह फिल्म 2019 की रोमांटिक कॉमेडी ड्रीम गर्ल का सीक्वल है, जिसमें आयुष्मान और नुसरत भरुचा ने अभिनय किया था. फिल्म के टीजर और ट्रेलर के बाद आज मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है.

आगामी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का लेटेस्ट पोस्टर आज निर्माताओं द्वारा रिलीज किया गया. कुछ मिनट पहले, आयुष्मान खुराना ने एक अनोखा पोस्टर जारी किया था जिसमें वह पूजा के रूप में नजर आ रहे हैं. वह पिंक लहंगा पहने, ब्राउन कलर के विग में पोज देते हुए नजर आ रहे हैं. फिल्म में पूजा के प्रेमी, जिसमें अभिनेता राजपाल यादव भी शामिल हैं, उनके लहंगे से बाहर झांकते नजर आ रहे हैं. परेश रावल लहंगे का दूसरा सिरा पकड़े हुए नजर आ रहे हैं और बैकग्राउंड में अन्नू कपूर स्तब्ध दिख रहे हैं. पोस्टर अपलोड करते हुए आयुष्मान ने लिखा, पूजा ड्रीमगर्ल एक त्यौहार है, उसके आशिक हज़ार है! ड्रीमगर्ल2ट्रेलर अभी रिलीज! 25अगस्तहोगामस्त प्त ड्रीमगर्ल2, 25 अगस्त को सिनेमाघरों में.

# सुष्मिता सेन की ताली का मोशन पोस्टर जारी, 15 अगस्त को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी वेब सीरीज



बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन पिछले काफी समय से अपनी आगामी वेब सीरीज ताली को लेकर चर्चा में हैं। इसमें सुष्मिता ट्रांसजेंडर (किन्नर) श्रीगौरी सावंत की भूमिका में नजर आएंगी।जहां बीते दिन निर्माताओं ने ताली का ट्रेलर जारी किया था, वहीं अब फिल्म का पहला मोशन पोस्टर सामने आ चुका है, जिसमें सुष्मिका का अवतार काफी दमदार लग रहा है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर ताली का मोशन पोस्टर जारी किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, भारत के तीसरे लिंग के लिए पहचान, अस्तित्व और समानता की लड़ाई।बता दें, गौरी ट्रांसजेंडर ऐक्टिविस्ट हैं।वह किन्नरों के कल्याण के लिए सखी चार चौगी नाम की संस्था चलाती हैं। यह संस्था किन्नरों में सुरक्षित यौन संबंध के प्रति जागरूकता के लिए काम करती है।उन्होंने किन्नरों के गोद लेने के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी।

गौरी सावंत पेशे से सोशल वर्कर हैं, जो कई वर्षों से किन्नरों के हितों के लिए काम कर रही हैं। उनका जन्म गणेश नंदन नाम के साथ हुआ था। उन्होंने अपनी जिंदगी में काफी उतार चढ़ाव देखे। गौरी अपने बारे में जानती तो थीं, लेकिन वह चाहकर भी पिता को बताने की हिम्मत नहीं कर पाईं। हालांकि, पिता की शर्मिंदगी का कारण न बनने के लिए गौरी ने घर छोड़ दिया था।

हमसफर ट्रस्ट की मदद से खुद को बदला, और वह बन गईं गणेश नंदर से गौरी सावंत। गौरी ने नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (द्गरुक्र) में काफी अहम भूमिका निभाई थी। यह 2013 में फाइल किया गया केस था, जिसमें 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने फाइनल वर्डिक्ट सुनाते हुए ट्रांसजेंडर्स को थर्ड जेंडर करार देने का आदेश दिया था। ताली का प्रीमियर 15 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर किया जाएगा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com